प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश मे प्रसारित

फतेहपुर संस्करण | फतेहपुर/लखनऊ से प्रकाशित | R.N.I : UPHIN/ 2011/44792



ममता का 'इंडिया' प्लान- मजबूरी या कोई नया खेला ? पेज- 2

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in

पेज- 8 जनसुनवाई में डीएम ने सुनीं 66 फरियादें

वर्ष : 15 अंक : 138 | शनिवार 09 मई 2026 | डाक पंजीयन संख्याः एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025-27/106 | पृष्ठ 08 मूल्य 5.00 रुपया

# पहली बार टिहरी पहुंचेंगे प्रधानमंत्री मोदी

## -1000 मेगावाट परियोजना का करेंगे लोकार्पण

(एजेंसी) टिहरी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पहली बार उत्तराखंड के टिहरी जिले के दौरे पर पहुंच



सकते हैं। प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार मई के अंतिम सप्ताह अथवा जून के प्रथम सप्ताह में प्रधानमंत्री टिहरी पहुंचकर देश की महत्वपूर्ण 1000 मेगावाट क्षमता वाली टिहरी पंप स्टोरेज परियोजना का लोकार्पण करेंगे। इस संभावित दौरे को लेकर शासन और प्रशासन स्तर पर तैयारियां तेज हो गई हैं। सूत्रों के अनुसार प्रधानमंत्री का यह दौरा राजनीतिक से अधिक विकास और ऊर्जा क्षेत्र की उपलब्धियों पर केंद्रित रहेगा। टिहरी पंप स्टोरेज परियोजना को देश की सबसे महत्वपूर्ण ऊर्जा परियोजनाओं में माना जा रहा है। यह परियोजना बिजली उत्पादन के साथ-साथ ऊर्जा भंडारण और राष्ट्रीय ग्रिड संतुलन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। विशेषज्ञ इसे भविष्य की ऊर्जा जरूरतों के लिहाज से गेमचेंजर मान रहे हैं। इसके अलावा पीएम मोदी इस दौरान टिहरी मेडिकल कॉलेज की आधारशिला भी रख सकते हैं तथा क्षेत्र के विकास से जुड़ी कई अन्य योजनाओं की घोषणाएं होने की भी संभावना है। इससे टिहरी सहित आसपास के क्षेत्रों में स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार के नए अवसर विकसित होने की उम्मीद जताई जा रही है। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री मोदी इससे पहले उत्तराखंड के कई महत्वपूर्ण धार्मिक और पर्यटन स्थलों का दौरा कर चुके हैं, हालांकि टिहरी जिला अब तक प्रधानमंत्री के दौरे से अछूता रहा था। स्थानीय विधायक किशोर उपाध्याय ने शुक्रवार को बताया कि प्रारंभ में यह कार्यक्रम दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे परियोजना के उद्घाटन के साथ प्रस्तावित था। लेकिन टिहरी परियोजना के ऐतिहासिक महत्व और स्थानीय लोगों की भावनाओं को देखते हुए प्रधानमंत्री ने स्वयं टिहरी आने की सहमति दी। उन्होंने कहा कि यह दौरा टिहरी के विकास को नई दिशा देने वाला साबित होगा। मुख्य सचिव आनंद बर्धन ने भी संबंधित अधिकारियों को सुरक्षा, यातायात और अन्य व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। पीएमओ की ओर से आधिकारिक कार्यक्रम की घोषणा का अब सभी को इंतजार है।

# पर्यवेक्षकों ने मल्लिकार्जुन खरगे को सौंपी केरल विधायकों की राय संबंधी रिपोर्ट, कौंन होगा अगला सीएम

(एजेंसी) नई दिल्ली। केरल में कांग्रेस विधायक दल के नेता के चयन के लिए विधायकों की राय लेने के बाद पार्टी के दोनों



पर्यवेक्षकों अजय माकन और मुकुल वासनिक ने शुक्रवार को अपनी रिपोर्ट पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को सौंप दी। खरगे से मुलाकात के बाद वासनिक ने कहा कि सोशल मीडिया में वायरल उस तस्वीर से जुड़ी वो बातें सच नहीं है जिन्हें लेकर दावा किया जा रहा है। दरअसल, सोशल मीडिया में वासनिक की एक तस्वीर जारी हुई है जिसमें उनके हाथ में एक कागज है जिसमें कई विधायकों के नाम के आगे प्राथमिकता वाले कॉलम में केसी लिखा हुआ है। कांग्रेस में आमतौर पर श्केसीश नाम संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल के लिए बोला जाता है। वेणुगोपाल भी मुख्यमंत्री पद के दावेदारों में शामिल माने जा रहे हैं। माकन ने संवाददाताओं से कहा, श्चार मई को चुनाव नतीजे घोषित किए गए। फिर हम हम छह मई को केरल गए और सात मई को विधायक दल की बैठक हुई तथा सबकी राय ली गई। आज हमने कांग्रेस अध्यक्ष को रिपोर्ट सौंपी। इससे जल्दी कुछ नहीं हो सकता। उन्होंने बताया कि विधायक दल की बैठक में कांग्रेस आलाकमान को नेता चुनने के लिए अधिकृत करने संबंधी एक लाइन का प्रस्ताव पारित किया गया था, जिसकी प्रति भी खरगे को सौंपी गई है। यह पूछे जाने पर मुख्यमंत्री के नाम की घोषणा कब होगी तो माकन ने कहा, हम इस प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूरा करने को उत्सुक हैं। उन्होंने कहा कि सहयोगी दलों की तरफ से कोई नाम नहीं सुझाया गया है और इस बारे में फैसला कांग्रेस ही करेगी। केरल विधानसभा चुनाव में कांग्रेस नीत यूडीएफ की जीत के बाद राज्य के अगले मुख्यमंत्री के चयन पर विचार जानने के लिए कांग्रेस के पर्यवेक्षकों मुकुल वासनिक और अजय माकन ने बृहस्पतिवार को पार्टी विधायकों और गठबंधन सहयोगियों के साथ बैठक की थी। यूडीएफ ने नौ अप्रैल को हुए राज्य विधानसभा चुनाव में 140 सीट में से 102 सीट हासिल कीं। गठबंधन की प्रमुख पार्टी कांग्रेस ने 63 सीट पर जीत दर्ज की है।

# ममता बनर्जी ने अब तक नहीं बदली सोशल मीडिया प्रोफाइल, मुख्यमंती का टैग अभी भी बरकरार

(एजेंसी) कोलकाता। पश्चिम बंगाल में 17वीं विधानसभा भंग हो गई है। इसके बावजूद भी तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी ने अपनी सोशल मीडिया प्रोफाइल नहीं बदली है। वह आधिकारिक तौर पर पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री बन चुकी हैं, लेकिन सोशल मीडिया प्रोफाइल में अभी भी मुख्यमंत्री का टैग बरकरार रखा है। ममता बनर्जी अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल फेसबुक और एक्स पर अभी भी श्माननीय मुख्यमंत्री, पश्चिम बंगाल का इस्तेमाल कर रही हैं। हार के बावजूद




ममता ने मुख्यमंत्री पद छोड़ने के इनकार किया था, जिसे वे सोशल मीडिया पर बरकरार रखे हुए हैं। इससे पहले, गुरुवार को पश्चिम बंगाल के राज्यपाल आरएन रवि ने 17वीं विधानसभा को भंग कर दिया। 17वीं विधानसभा का कार्यकाल 7 मई को पूरा हो चुका था। राज्यपाल ने संविधान के अनुच्छेद 174 (2)(बी) से प्रदत्त शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए विधानसभा को भंग किया। लोकभवन, कोलकाता की तरफ से जारी पत्र में कहा गया कि राज्यपाल आरएन रवि ने विधानसभा भंग करने का आदेश दिया है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। 2021 में 17वीं विधानसभा का चुनाव जीतकर ममता बनर्जी तीसरी बार मुख्यमंत्री बनीं। वे 2011 से लगातार सत्ता पर काबिज रहीं। हालांकि, इस बार विधानसभा चुनाव में उन्हें करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा है। तृणमूल कांग्रेस बंगाल में अपनी सत्ता को बरकरार रखने में नाकाम रही और ममता बनर्जी को भी भवानीपुर सीट पर हार का सामना करना पड़ा। 2026 विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बड़ी जीत हासिल की है। भाजपा ने 293 में से 207 सीटें जीतीं, जबकि तृणमूल 80 सीटों तक ही सिमट कर रह गई। हालांकि, विधानसभा चुनाव में हार के बाद ममता बनर्जी ने भाजपा और चुनाव आयोग पर 100 सीट की चोरी का आरोप लगाया और साथ ही, मुख्यमंत्री पद छोड़ने से इनकार कर दिया। बहरहाल, 2026 के चुनाव संपन्न होने के बाद पश्चिम बंगाल में नई विधानसभा का गठन होगा और भाजपा अपना मुख्यमंत्री चुनने की कवायद में जुटी है।

# संसद में कांग्रेस के साथ नहीं बैठेंगे डीएमके सांसद

## -कनिमोझी ने लोकसभा अध्यक्ष को लिखा पत्र

(एजेंसी) नई दिल्ली/चेन्नई द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) और कांग्रेस के रिश्तों को लेकर लंबे समय से चल रही अटकलों के बीच अब एक बड़ा राजनीतिक संकेत सामने आया है। डीएमके की वरिष्ठ नेता और लोकसभा सांसद कनिमोझी ने लोकसभा अध्यक्ष को पत्र लिखकर अपनी पार्टी के सांसदों के लिए संसद में अलग बैठने की व्यवस्था करने की मांग की है। इस कदम को केवल सीटिंग व्यवस्था का मामला नहीं माना जा रहा, बल्कि इसे राष्ट्रीय राजनीति में बड़े बदलाव के संकेत के रूप में देखा जा रहा है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि यह घटनाक्रम डीएमके और कांग्रेस के बीच गठबंधन खत्म होने की औपचारिक झलक हो सकता है। साथ ही इसे विपक्षी इंडिया गठबंधन की एकता के लिए भी बड़ा झटका माना जा रहा है। 7 मई को लिखे गए अपने पत्र में कनिमोझी ने "बदली हुई राजनीतिक परिस्थितियों" का उल्लेख करते हुए कहा कि अब डीएमके सांसदों का कांग्रेस सदस्यों के साथ बैठना उचित नहीं है। उन्होंने पत्र में लिखा कि पार्टी और कांग्रेस के बीच राजनीतिक समीकरण बदल चुके हैं, इसलिए वर्तमान बैठने की व्यवस्था जारी रखना व्यावहारिक नहीं रहेगा। उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष से आग्रह किया कि डीएमके संसदीय दल के लिए अलग सीटों की व्यवस्था की जाए ताकि पार्टी अपने संसदीय दायित्व स्वतंत्र रूप से निभा सके। कनिमोझी के इस पत्र के बाद संसद के भीतर और बाहर दोनों जगह राजनीतिक चर्चाएं तेज हो गई हैं। सूत्रों के अनुसार, क्डझ और कांग्रेस के रिश्तों में दूरी तब और बढ़ी जब कांग्रेस ने तमिलनाडु में अभिनेता-राजनेता विजय की पार्टी टीवीके (डीएमके) को समर्थन देने का फैसला किया। कांग्रेस ने संकेत दिया था कि आने वाले चुनावों में वह विजय की पार्टी के साथ मिलकर चुनाव लड़ सकती है। इस फैसले को डीएमके ने अपने राजनीतिक आधार के लिए चुनौती के रूप में देखा। तमिलनाडु की राजनीति में डीएमके लंबे समय से कांग्रेस की प्रमुख सहयोगी रही है। ऐसे में कांग्रेस का किसी नए क्षेत्रीय दल के साथ नजदीकी बढ़ाना क्डझ को असहज कर गया। डीएमके की ओर से अलग बैठने की मांग केवल प्रतीकात्मक कदम नहीं मानी जा रही। यदि लोकसभा अध्यक्ष इस अनुरोध को स्वीकार करते हैं तो संसद में विपक्षी खेमे की तस्वीर बदल सकती है। अब तक डीएमके सांसद कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों के साथ समन्वय में नजर आते थे, लेकिन अलग सीटिंग व्यवस्था पार्टी की स्वतंत्र राजनीतिक पहचान को और स्पष्ट करेगी। विशेषज्ञों का कहना है कि इससे संसद के भीतर विपक्ष की संयुक्त रणनीति पर असर पड़ सकता है, खासकर महत्वपूर्ण विधेयकों और बहसों के दौरान। डीएमके का यह कदम इंडिया गठबंधन के भविष्य को लेकर भी नए सवाल खड़े कर रहा है। विपक्षी दलों ने भाजपा के खिलाफ एकजुटता दिखाने के लिए इस गठबंधन का गठन किया था, लेकिन हाल के महीनों में कई दलों के बीच मतभेद खुलकर सामने आने लगे हैं। अब डीएमके जैसी बड़ी क्षेत्रीय



पार्टी का कांग्रेस से दूरी बनाना विपक्षी एकता के लिए गंभीर संकेत माना जा रहा है। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि यदि यह दूरी और बढ़ती है तो आने वाले चुनावों में विपक्ष की रणनीति कमजोर पड़ सकती है। संसद में डीएमके की उपस्थिति मजबूत मानी जाती है। पार्टी के लोकसभा में 22 और राज्यसभा में 8 सांसद हैं। ऐसे में उसका किसी भी गठबंधन से अलग होना संख्या बल के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जाता है। कई अहम विधेयकों और बहसों के दौरान डीएमके की भूमिका निर्णायक हो सकती है। इसलिए पार्टी का स्वतंत्र रुख संसद के राजनीतिक समीकरणों को प्रभावित कर सकता है। तमिलनाडु की राजनीति में भी इस घटनाक्रम को बड़े बदलाव के संकेत के तौर पर देखा जा रहा है। विजय की राजनीति में सक्रिय एंट्री और कांग्रेस की उनके प्रति सकारात्मकता ने राज्य के राजनीतिक समीकरणों को बदलना शुरू कर दिया है। डीएमके अब संभवतः अपनी राजनीतिक जमीन को और मजबूत करने के लिए स्वतंत्र रणनीति अपनाना चाहती है। पार्टी यह संदेश भी देना चाहती है कि वह किसी राष्ट्रीय दल की छाया में नहीं, बल्कि अपनी अलग पहचान के साथ राजनीति करेगी। फिलहाल सबकी नजर लोकसभा अध्यक्ष के फैसले पर टिकी है। यदि डीएमके सांसदों के लिए अलग बैठने की व्यवस्था मंजूर होती है तो यह संसद के भीतर एक औपचारिक राजनीतिक दूरी का संकेत होगा। यह फैसला केवल सीटिंग चार्ट नहीं बदलेगा, बल्कि विपक्षी राजनीति की दिशा पर भी असर डाल सकता है। आने वाले दिनों में यह स्पष्ट होगा कि डीएमके का यह कदम केवल संसदीय व्यवस्था तक सीमित है या फिर यह राष्ट्रीय राजनीति में नए गठबंधनों और नए समीकरणों की शुरुआत है।

# लखीमपुर हिंसा मामलाः सुप्रीम कोर्ट ने गवाहों को पेश न किए जाने पर जताई नाराजगी

(एजेंसी) नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा के बेटे आशीष मिश्रा और अन्य के खिलाफ 2021 के लखीमपुर खीरी हिंसा मामले में सुनवाई के दौरान गवाहों को पेश न किए जाने पर शुक्रवार को नाराजगी व्यक्त की। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने जो स्थिति रिपोर्ट सौंपी है उसमें गवाहों को पेश न करने का कोई कारण नहीं बताया गया है। पीठ ने यह भी कहा कि लगभग दो महीने से इस मामले में किसी भी गवाह से पूछताछ नहीं की गई है। पीठ ने कहा, हम पीठासीन न्यायाधीश को गवाहों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए कानूनसम्मत कदम उठाने का निर्देश देते हैं। पीठ ने अधीनस्थ अदालत के न्यायाधीश से मुकदमे की सुनवाई समयबद्ध तरीके से पूरी करने का प्रयास करने और अदालत के समक्ष स्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। घटना से जुड़े दो मामलों की सुनवाई उत्तर प्रदेश की एक अदालत में की जा रही है। पीठ ने गौर किया कि पहले मामले में, जिन 131 गवाहों को गवाही देनी थी, उनमें से 44 की गवाही हो चुकी है, 15 को मुक्त कर दिया गया है और 72 गवाह अभी भी पेश किए जाने बाकी हैं। पीठ ने कहा कि दूसरी प्राथमिकी में 35 गवाहों में से 26 की गवाही हो चुकी है और नौ गवाह से पूछताछ अभी की जानी है। आशीष मिश्रा की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ दवे ने कहा कि उत्तर प्रदेश द्वारा दाखिल नवीनतम स्थिति रिपोर्ट के अनुसार, पहली प्राथमिकी में अब तक 44 गवाहों से पूछताछ की जा चुकी है। दवे ने कहा, पिछले दो महीनों में किसी भी गवाह से पूछताछ नहीं हुई है। उन्होंने तर्क दिया कि राज्य द्वारा मार्च में दाखिल अंतिम स्थिति रिपोर्ट में भी कहा गया था कि 44 गवाहों की गवाही हो चुकी है। पीठ ने उत्तर प्रदेश की ओर से पेश वकील से पूछा, मार्च से आज तक आपने क्या किया?श्श राज्य की ओर से पेश वकील ने



कहा कि सुनवाई के दौरान गवाही दर्ज कराने के लिए तीन-चार गवाहों को तलब किया गया था। इस पर पीठ ने कहा कि एक दिन के लिए तीन या चार के बजाय कम से कम सात से आठ गवाहों को तलब किया जाना चाहिए, ताकि यदि उनमें से कुछ उपस्थित न हों, तब भी निचली अदालत उसके समक्ष पेश होने वाले गवाहों के बयान दर्ज करने की कार्यवाही जारी रख सके। शीर्ष अदालत ने यह भी आश्चर्य जताया कि सरकारी गवाह मुकदमे के दौरान अनुपस्थित कैसे रह सकते हैं। पीठ ने कहा, यह देखकर हमें निराशा हुई कि तथाकथित स्थिति रिपोर्ट में गवाहों को पेश न किए जाने का कोई भी कारण नहीं बताया गया है। घटना में कथित रूप से मारे गए किसानों के परिजनों की ओर से पेश अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने कहा कि मामले की सुनवाई जिस तरीके से की जा रही है, उसे लेकर शीर्ष अदालत को कुछ करना होगा। पीठ ने उल्लेख किया कि दो प्राथमिकी के अलावा, गवाहों को कथित रूप से धमकाने के संबंध में पिछले वर्ष अक्टूबर में एक और प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इसमें कहा गया कि राज्य की स्थिति रिपोर्ट के अनुसार, उस मामले में मुख्य आरोपी के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया जा चुका है। पीठ ने गौर किया कि स्थिति रिपोर्ट से पता चलता है कि आशीष मिश्रा के संबंध में, तीसरे मामले में उनकी कथित भूमिका की अब भी जांच की जा रही है। उच्चतम न्यायालय ने तीसरे मामले के जांच अधिकारी को निर्देश दिया कि वे लंबित जांच पूरी करें और चार सप्ताह के भीतर संबंधित अदालत में उचित रिपोर्ट दाखिल करें। पीठ ने लखीमपुर खीरी हिंसा मामले की अगली सुनवाई जुलाई में करना तय किया है। लखीमपुर खीरी जिले के तिकुनिया में तीन अक्टूबर, 2021 को उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के दौरे के विरोध में किसानों द्वारा किए गए प्रदर्शन के दौरान चार किसानों सहित आठ लोग मारे गए थे। चार किसानों को एक एसयूवी (स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल) गाड़ी ने कुचल दिया था। इसके बाद कथित तौर पर क्रोधित किसानों ने एक चालक और भाजपा के दो कार्यकर्ताओं की पीट-पीटकर हत्या कर दी थी। हिंसा में एक पत्रकार की भी मौत हो गई। एक मामले में, निचली अदालत ने दिसंबर 2023 में मिश्रा और 12 अन्य लोगों के खिलाफ किसानों की मौत के मामले में कथित हत्या, आपराधिक साजिश और अन्य दंडात्मक धाराओं के तहत आरोप तय किए।

# मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गेम्सक्राफ्ट के तीन संस्थापक गिरफ्तार बेंगलुरु की अदालत में पेशी

## -दिल्ली-एनसीआर और कर्नाटक के 17 ठिकानों पर ईडी की छापेमारी

(एजेंसी) नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म गेम्सक्राफ्ट के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए इसके तीन संस्थापकों को गिरफ्तार कर लिया है। शुक्रवार को हुई यह गिरफ्तारी धोखाधड़ी और जालसाजी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग (पीएमएलए) मामले में की गई है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान दीपक सिंह, पृथ्वी राज सिंह और विकास तनेजा के रूप में हुई है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, दीपक सिंह और पृथ्वी राज सिंह को दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र से हिरासत में लिया गया। जांच एजेंसी ने इन्हें बेंगलुरु की अदालत में पेश करने के लिए ट्रांजिट रिमांड हासिल की है। वहीं, तीसरे संस्थापक विकास तनेजा को बेंगलुरु से ही गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया। यह कार्रवाई केंद्रीय एजेंसी द्वारा गेम्सक्राफ्ट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड और उससे जुड़ी संस्थाओं के खिलाफ दर्ज कई एफआईआर के आधार पर की गई है। ईडी ने गुरुवार को दिल्ली-एनसीआर और कर्नाटक में कुल 17 ठिकानों पर छापेमारी कर महत्वपूर्ण दस्तावेज भी जब्त किए हैं। जांच अधिकारियों के अनुसार, यह प्लेटफॉर्म रमीकल्चर और रमीटाइम जैसे ऑनलाइन गेम का संचालन करता है। कंपनी के खिलाफ धोखाधड़ी की कई शिकायतें दर्ज हैं। गंभीर बात यह है कि इस प्लेटफॉर्म पर कथित



धोखाधड़ी के शिकार हुए कई लोगों द्वारा खुदकुशी करने के मामले भी सामने आए हैं, जिसके बाद पुलिस ने मामले दर्ज किए थे। गौरतलब है कि ईडी इस मामले में पिछले साल से ही सक्रिय है। नवंबर में जांच के दौरान एजेंसी ने कंपनी के आठ बैंक खातों को फ्रीज कर दिया था, जिनमें लगभग 18.57 करोड़ रुपये जमा थे।

# सम्पादकीय

## झालमुड़ी बनी चुनावी राजनीति का सबसे बड़ा सियासी हथियार!

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की दूरदर्शी अगुवाई में में भाजपा ने जो करिश्मा किया है, वह इतिहास के स्वर्णिम पन्नों में दर्ज हो जाएगा। मैं नफीस जाफरी आपको यह बता दूं कि पहले ओडिशा, अब बंगाल. हिंदी पट्टी से निकली भाजपा अब पूरे भारत को अपने विकास और राष्ट्रवाद के एजेंडे से जोड़ रही है। बंगाल की जनता ने साफ संदेश दिया है, अब



नफीस जाफरी

और नहीं. चोर–दरवाजे की राजनीति, वोट बैंक का तुष्टिकरण और हिंसा की संस्ृति का अंत होना चाहिए। वहीं अब बात करते हैं कि झालमुड़ी की तो मालूम हो कि पश्चिम बंगाल की राजनीति में झालमुड़ी ने जो झाल डाली है, उसका असर चुनावी नतीजों में भी दिखाई दिया। झालमुड़ी ने झालमुड़ी से जुड़े वीडियो के बाद कई इलाकों में बढ़त हासिल की। पार्टी सूत्रों का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यह जमीनी पहल झाड़ग्राम और आसपास के क्षेत्रों में जीत सुनिश्चित करने में अहम रही। पश्चिम बंगाल की सड़कों, रेलवे स्टेशनों, कॉलेज परिसरों और बाजारों में यदि कोई एक चीज सबसे आम नजर आती है, तो वह है झालमुड़ी। यह सिर्फ एक नाश्ता नहीं, बल्कि बंगाल के सार्वजनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा है। ऐसे राज्य में, जहां राजनीति का स्वरूप सीधे जनता के बीच और सड़कों पर तय होता है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का झालमुड़ी से जुड़ना कोई साधारण नहीं है। इसे एक गहरे राजनीतिक संकेत के रूप में देखा जा रहा है। झालमुड़ी अपनी सादगी और सुलभता के कारण हर वर्ग तक पहुंच रखने वाला खाद्य है। यह अमीरगरीब और शहरगांव के बीच किसी तरह का भेद नहीं करती। ऐसे में जब देश का सर्वोच्च नेतृत्व इसी आम नाश्ते से जुड़ता हुआ दिखाई देता है, तो यह संदेश जाता है कि सरकार और नेतृत्व आम लोगों के जीवन, उनकी रोजमर्रा की आदतों और उनकी हकीकत से जुड़ा हुआ है। यह सत्ता और जनता के बीच अक्सर दिखने वाली दूरी को कम करने का एक प्रयास भी है। चुनावी संदर्भ में इस तरह के तस्वीर और अधिक मायने रखते हैं। पहली नजर में यह भले ही साधारण लगे, लेकिन इसके पीछे छिपा संदेश कहीं अधिक गहरा होता है। यह सादगी, विनम्रता और जमीनी स्तर से जुड़े नेतृत्व की छवि को मजबूत करता है। यह दर्शाता है कि नेतृत्व केवल बड़े मंचों और भाषणों तक सीमित नहीं है, बल्कि वह आम जनजीवन का हिस्सा बनने की कोशिश कर रहा है। इसके साथ ही, झालमुड़ी बेचने वाले छोटे विक्रेता देश की अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। ऐसे क्षण इन मेहनतकश लोगों के योगदान को भी सामने लाते हैं। पीएम स्वनिधि योजना जैसी पहलें, जो स्ट्रीट वेंडर्स को आर्थिक सहायता देती हैं, ऐसे प्रतीकों के जरिए और अधिक प्रासंगिक बनकर उभरती हैं। यह छोटे व्यापारियों और श्रमिक वर्ग के प्रति सम्मान और उनकी भूमिका की स्वीकार्यता को भी दर्शाता है। झालमुड़ी एक स्थानीय और पारंपरिक खाद्य पदार्थ है, जो वोकल फॉर लोकल और आत्मनिर्भर भारत जैसे अभियानों को भी मजबूती देता है। यह स्थानीय संस्ृति, स्वाद और पहचान का प्रतीक है। पश्चिम बंगाल की राजनीति, जो हमेशा सांस्ृतिक प्रतीकों और जनभागीदारी से प्रभावित रही है, उसमें ऐसे संकेत विशेष महत्व रखते हैं। दरअसल, झालमुड़ी केवल एक स्नैक नहीं, बल्कि एक साझा अनुभव है– जो समाज के विभिन्न वर्गों को जोड़ता है। इसके साधारण घटक भारत की सादगी, किफ़ायत और नवाचार की संस्ृति को दर्शाते हैं। यही वजह है कि ऐसे छोटेछोटे .श्य भी जनता के मन में गहरी छाप छोड़ते हैं और नेतृत्व तथा नागरिकों के बीच भावनात्मक जुड़ाव को मज़बूत करते हैं। यह साफ़ है कि झालमुड़ी से जुड़ा यह .श्य केवल खानपान से जुड़ा प्रसंग नहीं, बल्कि राजनीति की उस शैली का प्रतीक है, जो सीधे लोगों के बीच जाकर, उनकी भाषा और उनके जीवन के माध्यम से संवाद स्थापित करती है। इसे समावेशी और जनकेंद्रित शासन की सोच को मज़बूत करने वाला एक महत्वपूर्ण संकेत माना जा सकता है। पार्टी जमीन तक पहुंचने के लिए कई रणनीतियां पर काम कर रही थी, लेकिन इस बार प्रधानमंत्री का झालमुड़ी खाना ही सबसे असरदार राजनीतिक संदेश बन गया।

## 11 मई को लगेगा रोजगार मेला

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जिला सेवायोजन कार्यालय एवं मॉडल करिअर सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में जनपद के बेरोजगार युवाओं के लिए 11 मई को रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। यह मेला जिला सेवायोजन कार्यालय पक्का तालाब परिसर में आयोजित होगा, जिसमें विभिन्न निजी कंपनियां प्रतिभाग कर युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराएंगी। रोजगार मेले में कक्षा 10 से लेकर स्नातक, डिप्लोमा तथा आईटीआई उत्तीर्ण अभ्यर्थी भाग लेकर रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। मेले में छह कंपनियां विभिन्न रिक्त पदों के साथ प्रतिभाग करेंगी। मेले में प्रमुख रूप से श्री राम पिस्टन एंड रिंग्स कंपनी द्वारा एनएपीएस ट्रेनी के 200 पदों पर भर्ती की जाएगी। इसके लिए 18 से 30 वर्ष आयु के 10वीं, 12वीं, डिप्लोमा, आईटीआई तथा स्नातक योग्यताधारी अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। चयनित अभ्यर्थियों को 16 हजार रुपये प्रतिमाह वेतन के साथ ड्रेस, कैंटीन और बीमा सुविधा निःशुल्क प्रदान की जाएगी। नियुक्ति गाजियाबाद में होगी। इसके अलावा टाटा मोटर्स कंपनी द्वारा प्रोडक्शन ट्रेनी के 200 पदों पर भर्ती की जाएगी। इसमें पुरुष एवं महिला दोनों अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। अभ्यर्थियों की आयु सीमा 18 से 25 वर्ष निर्धारित की गई है। चयनित अभ्यर्थियों को 16 हजार 250 रुपये प्रतिमाह वेतन के साथ ड्रेस, कैंटीन एवं बीमा सुविधा निःशुल्क दी जाएगी। नियुक्ति उत्तराखंड के पंतनगर में की जाएगी। रोजगार मेले में भाग लेने के इच्छुक अभ्यर्थियों को सेवायोजन विभाग की वेबसाइट तवरहतंेंदहंउ.नच.हवअ.पद तथा नेशनल करिअर सर्विस पोर्टल दबे.हवअ.पद पर ऑनलाइन पंजीकरण कर आवेदन करना होगा। अभ्यर्थियों को 11 मई को प्रातः 10 बजे जिला सेवायोजन कार्यालय, पक्का तालाब, इटावा में अपने बायोडाटा की कम से कम पांच प्रतियों के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित होना होगा। विभाग ने स्पष्ट किया है कि रोजगार मेले में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों को किसी प्रकार का मार्ग व्यय देय नहीं होगा।

# ममता का 'इंडिया' प्लान- मजबूरी या कोई नया खेला ?



गुलफिशा खान

जैसा कि सर्वविदित है कि बीते चार मई को पांच राज्यों केरल, असम, तमिलनाडु और पंडुचेरी सहित पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों के नतीजे जारी हो गए हैं। जहां तक पश्चिम बंगाल का सवाल है तो मालूम हो कि चुनावों में टीएमसी को बहुत ही शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा। हार के बाद भी ममता बनर्जी कहा था कि वे मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा नहीं देंगी। इस बीच राज्यपाल ने बंगाल विधानसभा को भंग कर दिया है। पश्चिम बंगाल विधानसभा का कार्यकाल 7 मई की आधी रात को पूरा हो गया। संविधान क अनुच्छेद 172 के तहत कार्यकाल पूरा होते ही सदन का अस्तित्व समाप्त हो जाता है। अब राज्यपाल के पास नई सरकार को शपथ दिलाने का रास्ता साफ है। यहां यह बता दें कि हालिया चुनाव नतीजों में भाजपा ने 294 सीटों में से 207 सीटों पर ऐतिहासिक जीत दर्ज की है, जबकि तृणमूल कांग्रेस दहाई के आंकड़े तक सिमट गई है।बंगाल की सियासत में हुई हार ने ममता बनर्जी को सिर्फ राजनीतिक तौर पर नहीं, बल्कि रणनीतिक स्तर पर भी झकझोर दिया है। कभी अपने दम पर राष्ट्रीय राजनीति को चुनौती देने का दावा करने वाली ममता अब उस मोड़ पर खड़ी हैं, जहां इंडिया गठबंधन के साथ खड़े होना विकल्प नहीं, बल्कि जरूरत बनता दिख रहा है। यह वही ममता हैं जिन्होंने लंबे समय तक विपक्षी एकता से दूरी बनाए रखी, कांग्रेस से टकराव लिया और खुद को फेडरल फ्रंट की संभावित धुरी के रूप में पेश किया। लेकिन बंगाल की शिकस्त ने यह साफ कर दिया है कि भारतीय राजनीति में अकेले चलने की सीमा क्या है। अब सवाल सिर्फ इतना नहीं है कि ममता गठबंधन के करीब क्यों आ रही हैं, बल्कि यह है कि क्या यह बदलाव उनकी मजबूरी है, सोची–समझी रणनीति है या फिर एक ऐसा मास्टरस्ट्रोक, जो आने वाले समय में पूरे विपक्ष की दिशा तय कर सकता है। बंगाल का चुनावी नतीजा एक राजनीतिक युग के अंत और नए समीकरणों की शुरुआत का संकेत बन गया। जिस ममता बनर्जी 2011 में वाम मोर्चे के 34 साल के शासन को खत्म करने के लिए परिवर्तन का नारा दिया था, 2026 में वो खुद उसी बदलाव की चपेट में आ गईं। 15 साल की सत्ता के बाद उनकी पार्टी का सत्ता से बाहर होना और खुद उनका चुनाव हार जाना इस बात का संकेत है कि बंगाल की राजनीति एक बहुत बड़े परिवर्तन से गुजर रही है। लेकिन असली कहानी ममता की हार से ज्यादा उस पलटवार की है जो अब ममता बनर्जी की राजनीति में दिख रहा है और उसका केंद्र है इंडिया गठबंधन। 2026 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 207 सीटें जीतकर पहली बार बंगाल में सरकार बनाने का रास्ता साफ किया। यह राजनीतिक भूचाल था। टीएमसी 294 सीटों से गिरकर 80 पर सिमट गई। ममता बनर्जी खुद अपनी सीट हार गईं। 15 साल का शासन एक झटके में खत्म हो गया। वहीं राजनीति के जानकारों का मानना है कि इस हार के पीछे कई कारक थे। जैसे–एंटी–इनकंबेंसी और थकान– लंबे समय तक सत्ता में रहने के बाद जनता में बदलाव



की इच्छा स्पष्ट दिखी। भ्रष्टाचार और भर्ती घोटाले– स्कूल भर्ती जैसे मुद्दों ने सरकार की विश्वसनीयता को नुकसान पहुंचाया। रोजगार और अर्थव्यवस्था– युवाओं और शहरी मतदाताओं ने नौकरी और विकास को प्राथमिकता दी। अल्पसंख्यक वोट का बिखराव– ममता का सबसे मजबूत वोट बैंक कई हिस्सों में बंट गया। महिला वोट में बदलाव– वेलफेयर पॉलिटिक्स की जगह रोजगार और सुरक्षा जैसे मुद्दे भारी पड़े। अब जब ममता बंगाल में मुख्यमंत्री नहीं हैं तो वो खुद को राष्ट्रीय विकल्प के रूप में पेश कर रही हैं। सत्ता में रहते हुए उन्होंने कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों से दूरी बनाए रखा। पर अब परिस्थितियां ममता के विपरीत हैं। भाजपा की बढ़ी हुई ताकत ने ममता के तृणमूल को कमजोर कर दिया है। बंगाल में हार ने ममता की अकेले चलने की रणनीति को झटका दिया है। कांग्रेस शून्य से दो पर तो वाम दल एक से दो पर आ गए हैं। यानी बंगाल में कांग्रेस और अन्य दल फिर से अपनी जगह बना रहे हैं। लिहाजा अब ममता के सामने विकल्प साफ है। विकल्प है कि अकेले रहकर और कमजोर हो जाएं, या गठबंधन में जाकर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी साख जमाएं। इंडिया गठबंधन ममता के लिए एक अवसर भी है और जोखिम भी. अवसर इसलिए कि यह राष्ट्रीय राजनीति में वापसी का मंच है। भाजपा के खिलाफ संयुक्त रणनीति भी है और इससे संसदीय चुनावों में बेहतर प्रदर्शन की संभावना रहेगी. चुनौती इसलिए कि कांग्रेस के साथ सीटों के बंटवारे, नेतृत्व की लड़ाई और क्षेत्रीय बनाम राष्ट्रीय की खींचतान चलती रहेगी। ममता और कांग्रेस के रिश्ते कभी स्थायी नहीं रहे हैं। बंगाल के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस का शून्य से दो सीटों पर आना ममता के लिए सबसे बड़ा खतरा है। अगर आगामी चुनाव में इंडिया गठबंधन के साथ बात बनी और कांग्रेस के साथ ममता ने मैदान में उतरने की सोची तो सीट शेयरिंग सबसे बड़ा विवाद होगा। यानी, गठबंधन बनाना जितना आसान दिखता है, उतना है नहीं। रहा सवाल भाजपा का तो यह किसी से छिपा नहीं है कि बंगाल में भाजपा अचानक उभर कर सत्ता तक नहीं पहुंची है। 2011 में भाजपा की सीटें 77 थीं पर केवल पांच साल के बाद ही इनकी संख्या 130 बढ़कर 207 सीटों पर पहुंच गई। सीटों की संख्या में यह इजाफा बताता है कि भाजपा ने संगठन और वोट बैंक दोनों पर काम किया है। टीएमसी की कमजोरियों को न केवल पकड़ने में कामयाब हुई बल्कि उसे सही तरीके से भुनाया भी। इससे एक बात तो स्पष्ट है कि मतदाताओं की प्राथमिकताएं बदल गई हैं और ऐसे में ममता के लिए भाजपा से अकेले लड़ना पहले जितना आसान नहीं है। यह सवाल बेहद अहम है। इंडिया गठबंधन में पहले ममता बनर्जी प्रधानमंत्री पद की संभावित दावेदार मानी जाती थीं। लेकिन बंगाल में न केवल पार्टी की हार बल्कि खुद के हारने से भी उनकी साख पर बड़ा आघात लगा है। ऐसे में उन्हें इंडिया गठबंधन में अपनी जगह तय करनी होगी। बहुत संभव है कि ममता किंग से किंगमेकर की भूमिका में आ जाएं। यहीं पर उनकी राजनीति और रणनीति दोनों में बड़ा बदलाव होगा। अब तक ममता राज्य की राजनीति में पूरी तरह मगन थीं, पर अब इंडिया गठबंधन की ओर इशारा करके उन्होंने अपनी रणनीति को एक तरह से सबसे सामने रख ही दिया है। तो ममता की आगे की रणनीति तीन स्तर पर तय होगी। पहला, राज्य स्तर की राजनीति पर. यहां उनके सामने चुनौती होगी कि वो संगठन को फिर से खड़ा करें और टूटे, रुठे वोट बैंक को फिर से जोड़ें। दूसरा, राष्ट्रीय स्तर की राजनीति पर। यहां उन्हें इंडिया गठबंधन में सक्रिय भूमिका निभानी होगी ताकि संसद में आक्रामक विपक्ष दिखे। तीसरा, लेकिन सबसे अहम छवि के स्तर पर. उन्होंने पीड़ित नेता या आम जनों के लिए संघर्ष करती नेता वाली नैरेटिव तो सेट करना चाहा है, फिलहाल वो इसमें कितनी कामयाब होती हैं यह तो उनकी अगली चाल से ही समझ में आएगा। पर चुनावी हार को ममता अपनी राजनीतिक पूंजी में बदलने की कला में माहिर हैं। इतिहास गवाह है कि ममता बनर्जी राजनीति में कभी कांग्रेस के साथ दिखती हैं तो कभी उसके खिलाफ और तीसरे मोर्चे के गठन की कोशिश में जुटी दिखती हैं। लिहाजा यह कहना जल्दबाजी होगी कि इंडिया गठबंधन के साथ भी उनका जुड़ाव स्थायी तौर पर होगा है फौरी। इस वक्त भले ही यह जुड़ाव मजबूरी दिख रहा हो, पर जैसे ही दीदी स्थिर होंगी और कमबैक करती दिखेंगी वो रीसेट बटन दबाने को भी तैयार बैठी होंगी। साथ ही इंडिया गठबंधन वाला दांव कितना सफल होगा यह इसकी एकजुटता पर निर्भर है। ऐसे में यह भी देखना होगा कि क्या बंगाल की जनता राज्य या राष्ट्रीय स्तर पर उन्हें फिर मौका देने को तैयार होती है या नहीं। बंगाल की हार ने एक बात तो साफ कर दी है कि अब ममता बनर्जी की राजनीति पहले जैसी नहीं रहेगी। और होगा क्या, यह भविष्य के गर्त में छिपा है।

# मुस्लिम मतों का बिखराव भी बना ममता की हार का कारण!



फरीद वारसी

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में इतिहास एक बार फिर दोहराया गया है। साल 2011 के विधानसभा चुनाव में वाम मोर्चा से तृणमूल कांग्रेस की ओर मुस्लिम वोटों के ट्रांसफर के कारण ममता बनर्जी सत्ता में आईं थीं। 15 साल बाद 2026 के विधानसभा में ममता बनर्जी की हार की एक वजह मुस्लिम वोटर रहे हैं। अल्पसंख्यक वोटरों का टीएमसी से दूर होना भी ममता बनर्जी की हार की एक वजह बनी है। आंकड़े इस बात की तस्दीक कर रहे है। अगर मुस्लिम वोटर न बंटते, तो बंगाल में आज तस्वीर कुछ और भी हो सकती थी। पश्चिम बंगाल चुनाव रिजल्ट के आंकड़े काफी हैरान करने वाले हैं। अगर देखा जाए, तो टीएमसी के वोट शेयर में सिर्फ 4 प्रतिशत अंतर आया है, लेकिन भाजपा सीटों में 123 की बढ़त हासिल करने में कामयाब रही है। आखिर, ये कैसे मुमकिन हो पाया? पिछले कई चुनावों में तृणमूल कांग्रेस के साथ मजबूती से खड़ा रहा मुस्लिम वोट बैंक में 2026 के विधानसभा चुनावों में फूट पड़ गई, जिसमें वाम–आईएसएफ गठबंधन, कांग्रेस और हुमायूं कबीर की आम जनता उन्नयन पार्टी (एजेयूपी) ने तृणमूल पार्टी को बड़ा नुकसान पहुंचाया। मुस्लिम वोटरों में इस बिखराव की उम्मीद शायद ममता सरकार के थिंकटैंक ने नहीं की थी। अगर टीएमसी सही समय पर कांग्रेस जैसे दलों के साथ गठबंधन कर लेती, तो बिखराव कम किया जा सकता था। बस, यही चूक टीएमसी सरकार पर भारी पड़ गई। पश्चिम बंगाल में चुनाव नतीजों के बाद अब जब इसका विश्लेषण किया जा रहा है तो कई नए कारणों का पता चल रहा है, जो ममता बनर्जी की हार के महत्वपूर्ण कारण बने हों। इस विधानसभा चुनाव में ममता बनर्जी को स्पष्ट हार का सामना करना पड़ा है और हार जीत के आंकड़े एकदम से पलट गए हैं। इस बार भाजपा 207 और तृणमूल 80 पर आ टिकी है। यह सब क्यों और कैसे हुआ इसकी जांच पड़ताल की जा रही है। माना जा रहा है कि एसआईआर में 91 लाख वोटों का कटना, पिछले 15 साल की जनता में सत्ता विरोधी लहर, भ्रष्टाचार और वोटों का ध्रुवीकरण इसकी वजह बना। लेकिन एक महत्वपूर्ण कारण ममता बनर्जी के कोर या कट्टर वोटों में सेंध लगना भी है। बंगाल में इस चुनाव में मुस्लिम वोट भी बंटे हैं। विभाजन के बाद से ही बंगाल में मुस्लिम वोटों की संख्या हमेशा से अच्छी रही है। कई जिलों में मुस्लिम आबादी 50 फीसदी या उससे भी अधिक है। अभी भी मोटे तौर पर बंगाल में मुस्लिम आबादी 27 फीसदी है। इस बार चुनाव के बाद बंगाल में मुस्लिम विधायकों के प्रतिनिधित्व में भी कमी आई है। पिछली बार 44 मुस्लिम विधायक थे जिसमें तृणमूल कांग्रेस के 43 थे। 2026 में मुस्लिम विधायकों की संख्या 40 है जिसमें तृणमूल कांग्रेस के



34, कांग्रेस के 2, सीपीएम और आईएसएफ का 1–1 विधायक है। वहीं हुमायूं कबीर ने दो सीटों पर जीत दर्ज की है। हुमायूं कबीर रेजीनगर और नौदा दो जगहों से चुनाव लड़े थे और दोनों सीट पर जीत दर्ज की। पिछली बार ये दोनों सीट तृणमूल कांग्रेस के खाते में थी। हालांकि हुमायूं कबीर की पार्टी आम जनता उन्नयन पार्टी ने 143 उम्मीदवारों को मैदान में उतारा था। केवल हुमायूं ही दो जगह से जीते। लेकिन उनके अन्य उम्मीदवारों ने तृणमूल कांग्रेस के वोट में सेंध लगा दी। इसी तरह मुस्लिम बहुल कांदी सीट भाजपा को मिली क्योंकि कांग्रेस को 30 हजार और ओवैसी की पार्टी को करीब 23 हजार वोट मिले। मुस्लिम बहुल मुर्शिदाबाद, मालदा, उत्तर दिनाजपुर की 43 सीटों में से तृणमूल कांग्रेस को पिछली बार 35 सीटें मिली थीं वही इस बार तृणमूल कांग्रेस को 22 सीट मिली और भाजपा 8 से बढ़कर 19 हो गई। सबसे दिलचस्प बात है कि बेलडांगा जहां पर हुमायूं कबीर ने बाबरी मस्जिद बनाने की घोषणा की है और चंदा इकट्ठा किया वो सीट भाजपा ने जीती है। यही नहीं मालदा की माणिकचक और वैष्णव नगर जहां 47 फीसदी मुस्लिम आबादी है वो भी भाजपा ने जीती। इसी तरह 24 नार्थ और साउथ परगना जहां 30 फीसदी मुस्लिम आबादी है, वहीं की 64 सीटों में पिछली बार भाजपा केवल 5 जीती थी। लेकिन इसबार उसे 34 सीटें मिली हैं। यदि वोटों के प्रतिशत की बात करें तो पिछली बार तृणमूल कांग्रेस को 57.7 फीसदी वोट मिला था इस बार घटकर 41.41 फीसदी हो गया जबकि वामदलों और कांग्रेस का वोट शेयर 15. 9 से बढ़कर 23.3 फीसदी हो गया। भाजपा का वोट इन इलाकों में बढ़ा है जो मुख्य रूप से हिंदू वोट होगा। कुछ मिला कर पश्चिम बंगाल चुनाव का नतीजा यह बताता है कि जहां भी मुस्लिम वोटों की संख्या 30 फीसदी या उससे अधिक होता है उनका वोटिंग पैटर्न भी बदल जाता है वो बंट भी जाता है यही चीज बिहार के सीमांचल में देखने में मिला जहां ओवैसी की पार्टी को सफलता मिली मगर बंगाल में ये वोट कांग्रेस,लेट और हुमायूं कबीर के बीच में बंटा और नुकसान तृणमूल कांग्रेस को हुआ।

# निशांत कुमार की एंट्री से भविष्य की रणनीति साफ़



शबाब हुसैन

बिहार की राजनीति में गुजरा गुरुवार का दिन बेहद अहम साबित रहा। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी सरकार का पहला कैबिनेट विस्तार हुआ, जिसमें 32 नए मंत्रियों को शपथ दिलाई गई। पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में आयोजित इस भव्य समारोह ने सिर्फ सत्ता का विस्तार नहीं दिखाया, बल्कि एनडीए की नई राजनीतिक रणनीति की भी झलक दी है। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन और पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की मौजूदगी ने इस कार्यक्रम को और ज्यादा राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण बना दिया। इस विस्तार की सबसे ज्यादा चर्चा जदयू नेता निशांत कुमार को मंत्री बनाए जाने को लेकर है। पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार की यह राजनीति में बड़ी और औपचारिक एंट्री मानी जा रही है। हाल ही में सक्रिय राजनीति में आए निशांत को सीधे कैबिनेट में शामिल करके जदयू ने साफ संकेत दिया है कि वह नई पीढ़ी के नेतृत्व को आगे बढ़ाने की रणनीति पर काम कर रही है। राजनीतिक विश्लेषकों के मुताबिक, यह कदम जदयू के भविष्य की सियासी दिशा तय करने वाला माना जा रहा है। हालांकि विपक्ष इसे परिवारवाद का मुद्दा बना सकता है, लेकिन जदयू इसे युवाओं को मौका देने की पहल के तौर पर पेश कर रही है। कैबिनेट विस्तार में आरएलपी (उपेंद्र कुशवाहा गुट) को भी प्रतिनिधित्व दिया गया है। पार्टी नेता दीपक प्रकाश को मंत्री बना कर एनडीए ने साफ तौर पर कुशवाहा (कोइरी) समुदाय को साधने की कोशिश की है। बिहार की राजनीति में यह वर्ग निर्णायक भूमिका निभाता है, ऐसे में यह निर्णय सिर्फ राजनीतिक नहीं बल्कि सामाजिक समीकरणों को मजबूत करने की रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है। वहीं भाजपा कोटे से विजय कुमार सिन्हा, दिलीप जायसवाल, नीतीश मिश्रा और श्रेयसी सिंह



जैसे बड़े चेहरों को शामिल किया गया। वहीं जदयू से अशोक चौधरी, श्रवण कुमार, मदन सहनी और लेशी सिंह समेत कई नेताओं को मौका मिला। इस कैबिनेट विस्तार में एनडीए ने स्पष्ट रूप से सोशल इंजीनियरिंग को प्राथमिकता दी है। मंत्रिमंडल में पिछड़ा, अति पिछड़ा, दलित, महादलित, सवर्ण और अल्पसंख्यक वर्ग, कोइरी, कुर्मी, यादव, भूमिहार, राजपूत, मल्लाह, धानुक, वैश्य समुदाय को प्रतिनिधित्व दिया गया। साथ ही क्षेत्रीय संतुलन साधते हुए मिथिलांचल, सीमांचल, मगध, भोजपुर और कोसी को भी शामिल किया गया, जिससे राज्य के हर हिस्से को प्रतिनिधित्व मिल सके। निशांत कुमार और दीपक प्रकाश फिलहाल सदन के किसी भी सदन (विधानसभा/विधान परिषद) के सदस्य नहीं हैं। संवैधानिक प्रावधानों के अनुसार उन्हें छह महीने के भीतर सदन का सदस्य बनना होगा, अन्यथा मंत्री पद छोड़ना पड़ेगा। इस कैबिनेट विस्तार को महज प्रशासनिक फैसला नहीं बल्कि एनडीए की चुनावी रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है। इन तीनों रणनीतियों के जरिए एनडीए ने यह संकेत दिया है कि अगले 2033 में होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव के लिए तैयारी अभी से ही पूरी गति से शुरू हो चुकी है। सम्राट चौधरी कैबिनेट का यह विस्तार सिर्फ सरकार का विस्तार नहीं, बल्कि चुनावी मोड में एंट्री का ऐलान माना जा रहा है। निशांत कुमार की एंट्री से जदयू का भविष्य संकेत देता है, जबकि जातीय और गठबंधन संतुलन साधकर एनडीए ने चुनावी मैदान के लिए अपनी पोजिशन मजबूत करने की कोशिश की है।

# ज्ञान भारतम् मिशन से संरक्षित होगी सांस्कृतिक धरोहर

## – दुर्लभ पांडुलिपियों के डिजिटलीकरण के लिए आमंत्रित किए अभिलेख धारक

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। संस्ःति विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा ज्ञान भारतम् मिशन के अंतर्गत भारत की समृद्ध ज्ञान परंपरा और बौद्धिक विरासत को पुनर्जीवित करने की महत्वाकांक्षी पहल शुरू की गई है। मिशन के तहत देशभर में उपलब्ध भारतीय ज्ञान परंपरा से जुड़ी पांडुलिपियों, दुर्लभ ग्रंथों और ऐतिहासिक दस्तावेजों का वैज्ञानिक संरक्षण, डिजिटलीकरण एवं अभिलेखीकरण किया जाएगा, ताकि यह अमूल्य धरोहर शोधार्थियों, विद्यार्थियों और आम नागरिकों के लिए आसानी से उपलब्ध हो सके।

जनपद को ज्ञान, दर्शन, साहित्य और संस्ःति की महत्वपूर्ण भूमि बताते हुए बताया गया कि यह मिशन विकसित भारत–2047 के लक्ष्य के अंतर्गत डिजिटल इंडिया की परिकल्पना तथा विरासत और विकास के राष्ट्रीय संकल्प से जुड़ा हुआ है। जिला पर्यटन अधिकारी मोहित मनोहर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि मिशन के अंतर्गत विभिन्न सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों, मठों, मंदिरों, शैक्षणिक संस्थानों, निजी एवं सार्वजनिक पुस्तकालयों तथा व्यक्तिगत स्तर पर सुरक्षित पांडुलिपियों, हस्तलिखित ग्रंथों, ताड़पत्रों, भोजपत्रों एवं अन्य दुर्लभ दस्तावेजों की पहचान, सर्वेक्षण, सूचीकरण, संरक्षण एवं डिजिटलीकरण का कार्य कराया जाएगा। उन्होंने अपील की कि जिन व्यक्तियों अथवा संस्थानों के पास इस प्रकार की ऐतिहासिक सामग्री उपलब्ध है, वे जिला पर्यटन एवं संस्ःति परिषद कार्यालय, विकास भवन परिसर प्रथम तल कक्ष संख्या–01, इटावा में संपर्क करें अथवा मोबाइल नंबर 9450154137 पर जानकारी दे सकते हैं। उन्होंने बताया कि डिजिटाइज्ड पांडुलिपियों को ज्ञान भारतम् पोर्टल के माध्यम से आमजन के लिए उपलब्ध कराया जाएगा।

# गुमशुदा महिला को पुलिस ने सकुशल किया बरामद

## – चौबिया थाना पुलिस की कार्रवाई से परिजनों में खुशी

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए गुमशुदा महिला को सकुशल बरामद कर उसके परिजनों से मिलाया। इस सराहनीय कार्य से परिवार के लोगों ने राहत की सांस ली और पुलिस की प्रशंसा की। जानकारी के अनुसार 18 अप्रैल को थाना चौबिया क्षेत्र के ग्राम मोहनपुर राहिन निवासी हीरा देवी पत्नी कुलदीप कुमार पति से नाराज होकर घर से कहीं चली गई थीं और वापस नहीं लौटीं। मामले में थाना चौबिया पर गुमशुदगी दर्ज कर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई शुरू की। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में गठित पुलिस टीम ने महिला की तलाश के लिए लगातार प्रयास किए। प्रभावी कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने गुमशुदा महिला को सकुशल बरामद कर लिया और परिजनों को सुपुर्द कर दिया। महिला के सकुशल मिलने पर परिजनों ने पुलिस की कार्यशैली की सराहना करते हुए पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया। पुलिस ने एक बार फिर जनसुरक्षा के प्रति अपनी तत्परता और संवेदनशीलता का परिचय दिया।




# जीवनधारा योगा एंड वेलनेस स्टूडियो का हुआ उद्घाटन

## – योग–आयुर्वेद का मिलेगा संगम

न्यूज वाणी ब्यूरो

लखनऊ। स्वास्थ्य और आध्यात्मिक कल्याण की दिशा में नई पहल करते हुए सरफराजगंज नियर चरक हॉस्पिटल हरदोई रोड में जीवनधारा योगा एंड वेलनेस स्टूडियो का उद्घाटन हुआ। मुख्य अतिथि उपनिदेशक आयुर्वेद उत्तर प्रदेश, डॉ. राम.पाल सिंह ने फीता काटकर स्टूडियो का शुभारंभ किया। इस मौके पर योग और आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति से जुड़े कई लोग मौजूद रहे।



डॉ. राम.पाल सिंह ने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में योग और आयुर्वेद लोगों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए बेहद जरूरी है। आयोजक कैप्टन सरकार हैदर रिजवी ने बताया कि यह स्टूडियो पारंपरिक योग के साथ एरियल योग, मेडिटेशन, साउंड हीलिंग और पंचकर्म जैसी आधुनिक व प्राचीन चिकित्सा पद्धतियों का अनूठा संगम है। इसका उद्देश्य लोगों को मानसिक शांति और शारीरिक आरोग्य प्रदान करना है।

फतेहपुर के डा. जमाल चश्मे वालों की मशहूर दुकान
फैसल चश्मे वाले
(साइन्टिफिक आप्टीशियन)
किशनपुर रोड, चौड़ा खेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे पहुंच गई है।
(जापानी कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जाँच)
हमारे यहाँ पर आखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्मे बनायें जाते है।
नोट- सरदर्द, आँखों में दर्द, मोतिया बिन्द, समलबाई, धुन्ध, आपरेशन आँख दूर व पास के अक्षर साफ न दिखाई देने पर साइन्टिफिक आप्टीशियन द्वारा आँखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्मे बनाये जाते है व साफट कान्टेक्ट लेन्स लगायें जाते है एवं कान की मशीन भी उपलब्ध है।
नोट- मोतिया बिन्द के आपरेशन व आँखों के अन्य आपरेशनों के साथ-साथ लैसिक द्वारा चश्मा हटवाने के लिए सम्पर्क करें। आँख के अन्दर (I.O.L.) लेन्स लगवाने के 21 दिन बाद अवश्य चश्मा लगवा लें वरना रोशनी कम होने का खतरा बना रहता है।
फैसल चश्मे वाले
किशनपुर रोड, चौड़ाखेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे, खागा-फतेहपुर
डा. जमाल अहमद – जी.टी. रोड, फतेहपुर – MBBS. (H) P.M.P
हाजी ख़लीक़ अहमद जाफरी – सम्पादक कारवाने हक – 9415065213
एफ.ए.जाफरी – D.R. (Opt.) – 7379440876

# नवीन मंडी में छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक कर क्षय रोग के प्रति फैलाई जागरूकता

न्यूज वाणी ब्यूरो

हापुड। जिलाधिकारी कविता मीणा के कुशल नेतृत्व में हापुड़ को वर्ष 2030 तक टीबी मुक्त बनाने के लक्ष्य को लेकर स्वास्थ्य विभाग एवं शालोम चैरिटेबल ट्रस्ट ने आज नवीन सब्जी मंडी परिसर में भव्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण ज्ञान दीप पब्लिक स्कूल की छात्राओं स्तुति सिंह एवं परिधि द्वारा प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक रहा। नाटक के माध्यम से मंडी में उपस्थित सैकड़ों व्यापारियों, खरीदारों एवं आम नागरिकों को टीबी के कारणों, लक्षणों, बचाव व पूर्ण उपचार की विस्तृत जानकारी दी गई। छात्राओं के प्रभावशाली अभिनय ने लोगों को जोड़ दिया और उन्होंने खूब तालियां बजाईं। मुख्य अतिथि जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. राजेश सिंह ने कहा कि टीबी उन्मूलन में जन–सहभागिता अत्यंत जरूरी है। उन्होंने समय पर जांच, नियमित दवा सेवन और पूर्ण उपचार पर बल देते हुए कहा कि टीबी पूरी तरह ठीक हो सकती है, बस जागरूकता और संकल्प की जरूरत है। शालोम चौरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष अजीत सिंह ने ज्ञान दीप पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य श्री वेद प्रकाश शर्मा का विशेष आभार व्यक्त किया। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग एवं जिला प्रशासन के सहयोग की भी सराहना की। कार्यक्रम के दौरान ट्रस्ट की टीम ने मंडी परिसर में मौजूद लोगों को पैंफलेट वितरित किए और टीबी के प्रमुख लक्षणों.दो सप्ताह से अधिक लगातार खांसी, बुखार, वजन घटना, भूख न लगना आदि.की जानकारी दी। ट्रस्ट के सदस्य नितिन गर्ग, संजय कुमार, अमित कुमार, प्रदीप कुमार, वंदना, क्षमा, भारती सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी–कर्मचारी मौजूद रहे। जिला पीओपीएम कोऑर्डिनेटर सुशील चौधरी ने बताया कि जिलाधिकारी महोदया के निर्देशानुसार ऐसे जागरूकता कार्यक्रम निरंतर चलाए जाएंगे ताकि जनपद हापुड़ को शीघ्र ही टीबी मुक्त बनाया जा सके।




# अग्निशमन सेवा स्वास्थ्य केंद्रों पर मॉक ड्रिल

## - अग्नि सुरक्षा को लेकर किया जागरूकता कार्यक्रम

न्यूज वाणी ब्यूरो

महोबा। पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह के निर्देश में अग्निशमन सेवा सप्ताह के अंतर्गत एवं ग्रीष्म ऋतु में संभावित अग्नि दुर्घटनाओं की रोकथाम के .ष्टिगत जनपद में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रभारी अग्निशमन अधिकारी महेन्द्र सिंह के नेतृत्व में अग्निशमन टीम द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खरेला, चरखारी तथा श्रीनगर जनपद में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य केंद्रों के स्टाफ एवं उपस्थित लोगों को अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए अग्निशमन यंत्रों के सही एवं प्रभावी उपयोग की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही आग लगने की स्थिति में त्वरित एवं सुरक्षित प्रतिक्रिया देने के उपायों का प्रदर्शन कर व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया। अग्निशमन विभाग द्वारा यह संदेश दिया गया कि विशेषकर गर्मी के मौसम में थोड़ी सी असावधानी भी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है, इसलिए सभी संस्थानों एवं नागरिकों को सतर्क रहते हुए अग्नि सुरक्षा मानकों का पालन करना आवश्यक है। पुलिस एवं अग्निशमन विभाग द्वारा भविष्य में भी इस प्रकार के जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे, जिससे जनपद में अग्नि सुरक्षा के प्रति सजगता एवं तैयारी को और सुदृढ़ किया जा सके।



# आईजीआरएस रैंकिंग में जिले की पुलिस का प्रदेश में डंका

## - 17 थानों के शत-प्रतिशत निस्तारण से हासिल किया पहला स्थान




न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जनसुनवाई समाधान प्रणाली (आईजीआरएस) में उत्कृष्ट कार्य करते हुए जिले की पुलिस ने प्रदेश स्तर पर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। माह अप्रैल 2026 की जारी आईजीआरएस रैंकिंग में जनपद ने प्रथम स्थान प्राप्त कर पूरे प्रदेश में अपनी कार्यकुशलता और जनसुनवाई के प्रति संवेदनशीलता का परिचय दिया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में जनपद के सभी थानों में शिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर विशेष ध्यान दिया गया। इसी का परिणाम रहा कि शासन स्तर पर हुई समीक्षा में जिले की पुलिस प्रदेश में शीर्ष स्थान पर पहुंच गई। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संचालित जनसुनवाई समाधान प्रणाली के अंतर्गत प्राप्त शिकायतों के समयबद्ध एवं प्रभावी निस्तारण की समीक्षा प्रत्येक माह मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा की जाती है। अप्रैल 2026 की समीक्षा में इटावा जनपद को प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ, जिसे पुलिस प्रशासन की बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। जनपद के 17 थानों ऊसराहार, फ्रेंड्स कॉलोनी, सैफई, कोतवाली, भरथना, बकेवर, इकदिल, जसवंतनगर, बसरेहर, चौबिया, वैदपुरा, लवेदी, बलरई, चकरनगर, बिठौली, पछायगांव और भरेह द्वारा प्राप्त शिकायतों का शत–प्रतिशत निस्तारण कर उत्ःष्ट प्रदर्शन किया गया। इटावा पुलिस की इस उपलब्धि से आमजन में विश्वास और मजबूत हुआ है। शिकायतों के त्वरित समाधान और पारदर्शी कार्यशैली के कारण इटावा पुलिस लगातार जनसुनवाई व्यवस्था में नई मिसाल कायम कर रही है।

# बारिश के बाद हरकत में आया विभाग

## - बल्ली के सहारे ऊपर रखी गई गेहूं की बोरियां

न्यूज वाणी ब्यूरो

सेवराई, गाजीपुर। तहसील क्षेत्र के भदौरा ब्लाक परिसर स्थित गेहूं क्रय केंद्र पर पिछले दिनों हुई तेज बारिश के बाद विभागीय अधिकारियों की नींद खुली। बारिश के दौरान केंद्र पर रखी सैकड़ों कुंतल गेहूं की बोरियां भींग गई थीं, जिसके बाद अब गेहूं को सुरक्षित रखने के लिए बोरियों को बल्ली के सहारे जमीन से ऊपर रखा गया है, ताकि बरसात का पानी बोरियों तक न पहुंचे और गेहूं खराब होने से बच सके। किसानों का कहना है कि केंद्र पर गोदाम की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण हर बारिश में गेहूं भींगने का खतरा बना रहता है। किसान भानु प्रताप सिंह, प्रवीण यादव और कमलेश सिंह ने बताया कि केंद्र पर बड़ी मात्रा में गेहूं की बोरियां डंप होने से किसानों को अपनी उपज लाकर गिराने में भी परेशानी हो रही है। यदि समय रहते गेहूं का उठान नहीं कराया गया तो रखी गई गेहूं खराब हो सकती है। किसानों ने आरोप लगाया कि इस समस्या को लेकर कई बार संबंधित विभागीय अधिकारियों को फोन के माध्यम से अवगत कराया गया, लेकिन अभी तक गेहूं के उठान की व्यवस्था सुनिश्चित नहीं की गई। वहीं केंद्र प्रभारी एसएमआई मोहम्मद उस्मान ने बताया कि बारिश के दौरान गेहूं को बचाने के लिए तिरपाल लगाया गया था, लेकिन पानी के रिसाव के कारण कुछ बोरियां भींग गई थीं। अब बोरियों को बल्ली के सहारे ऊपर रख दिया गया है, जिससे आगे ऐसी समस्या नहीं होगी।



# बिजली चोरी पर विभाग की बड़ी कार्रवाई

## – सूरज विहार और गणेश नगर में मॉर्निंग रेड, पांच पर मुकदमा दर्ज

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। विद्युत वितरण मंडल इटावा द्वारा बिजली चोरी रोकने और राजस्व वसूली अभियान के तहत शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई की गई। उपखंड द्वितीय की विजिलेंस टीम ने सूरज विहार और गणेश नगर इंद्रा आवास क्षेत्र में मॉर्निंग रेड कर बिजली चोरी करते हुए पांच लोगों को पकड़ा। अधिक्षण अभियंता के निर्देश पर उपखंड अधिकारी तृतीय दिलीप कुमार एवं अवर अभियंता दीपक कन्नौजिया के नेतृत्व में यह संयुक्त अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान 33\11 केवी विद्युत उपकेंद्र फ्रेंड्स कॉलोनी द्वितीय (पचावली) से पोषित क्षेत्रों में जांच की गई। चेकिंग के दौरान पांच उपभोक्ताओं द्वारा बिना कनेक्शन, अतिरिक्त केबिल और केबिल बाईपास के माध्यम से बिजली चोरी किए जाने का मामला सामने आया। मौके पर वीडियोग्राफी कर सभी आरोपियों के खिलाफ विद्युत अधिनियम 2005 की धारा 135 के अंतर्गत कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान कुल 10 किलोवाट भार की विद्युत चोरी पकड़ी गई। विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वैध विद्युत कनेक्शन लेकर ही बिजली का उपयोग करें। मीटर से छेड़छाड़, अतिरिक्त केबिल जोड़कर अथवा बिना कनेक्शन बिजली उपयोग करना दंडनीय अपराध है।



# खेल मैदान के निर्माण में न बरतें ढिलाई, समय सीमा में पूरा करें काम : गजल

## – डीएम ने किया पसवारा में निर्माणाधीन खेल मैदान, बैडमिंटन एवं बास्केटबॉल कोर्ट के कार्यो का निरीक्षण

न्यूज वाणी ब्यूरो

महोबा। जिलाधिकारी गजल भारद्वाज ने शुक्रवार को ग्राम पंचायत पसवारा में निर्माणाधीन खेल मैदान, बैडमिंटन एवं बास्केटबॉल कोर्ट के कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण की प्रगति, गुणवत्ता तथा सुरक्षा मानकों की विस्तार से समीक्षा की। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा के अंदर उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए। उन्होंने सामग्री की गुणवत्ता, जमीन के समतलीकरण, ड्रेनेज और कोर्ट के मानक आकारों की भी जांच की। इसके साथ ही उन्होंने निर्माण स्थल पर मौजूद इंजीनियरों एवं ठेकेदारों से कार्य की गति बढ़ाने और दैनिक प्रगति कार्य बढाने को कहा। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि खेल सुविधाओं का विकास युवाओं के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान डीएम ने कहा कि बैडमिंटन/बास्केटबॉल कोर्ट का निर्माण निर्धारित समय पर पूर्ण कर खेल प्रेमियों के लिए उपलब्ध करा दिया जाएगा।



# सड़क किनारे शव मिलने से सनसनी, पुलिस जांच में जुटी

न्यूज वाणी ब्यूरो

नगीना, बिजनौर। क्षेत्र में उस समय हड़कंप मच गया, जब सड़क किनारे एक व्यक्ति का शव मिलने की सूचना फैली। सूचना मिलते ही आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। मामले की जानकारी मिलने पर नगीना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। जानकारी के अनुसार नगीना पार्क के पास स्थित एचपी पेट्रोल पंप के सामने एक खाली खोखे में व्यक्ति अचेत अवस्था में पड़ा मिला। स्थानीय लोगों ने जब उसे देखा तो तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच की तो व्यक्ति की मौत हो चुकी थी। पुलिस द्वारा शव की पहचान रायपुर सादात खास निवासी करीब 60 वर्षीय नरेंद्र के रूप में कराई गई। मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई, जिसके बाद परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवा दिया है। शुरुआती जांच में मौत के कारण स्पष्ट नहीं हो सके हैं। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है तथा घटना से जुड़े सभी पहलुओं की जांच में जुटी है। घटना के बाद इलाके में तरह–तरह की चर्चाएं होती रहीं। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।

# पर्वो को लेकर पुलिस लाइन में हुई दंगा नियंत्रण ड्रिल

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव के निर्देशन एवं नेतृत्व में पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में आगामी पर्व बकरीद एवं अन्य त्योहारों के .ष्टिगत दंगा नियंत्रण अभ्यास एवं बलवा ड्रिल का आयोजन किया गया। इस अभ्यास का मुख्य उद्देश्य संभावित



आपात स्थितियों में पुलिस बल की तत्परता, समन्वय एवं दक्षता की समीक्षा करना तथा दंगा नियंत्रण उपकरणों एवं रणनीतियों के उपयोग का व्यावहारिक प्रशिक्षण देना रहा। अभ्यास के दौरान पुलिस बल को एंटी–राइट गन, रबर बुलेट, अश्रु गैस गोले, ग्रेनेड, डंडा, हेलमेट, बॉडी प्रोटेक्टर, कैन शील्ड, हैंड गार्ड, लेग गार्ड इत्यादि उपकरणों का प्रयोग कर रियल टाइम रिस्पॉन्स का अभ्यास कराया गया। सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को इन उपकरणों के उपयोग की जानकारी एवं दंगा नियंत्रण में उनकी भूमिका का व्यावहारिक प्रदर्शन कराया गया। बलवा ड्रिल हेतु विशेष टीमें गठित की गईं, जिन्हें बलवा या अशांति की स्थिति में तुरंत कार्रवाई के लिए तैयार रहने के निर्देश दिए गए। प्रत्येक टीम को उनकी भूमिका एवं उत्तरदायित्व की विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही ड्रोन सर्विलांस टीम को क्षेत्र की सतत निगरानी रखने और वास्तविक समय में सूचना प्रेषित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई। पुलिस बल को नवीन दंगा नियंत्रण रणनीतियों, संयम, संवेदनशीलता एवं विधिक प्रक्रिया के पालन के संबंध में दिशा–निर्देश दिए गए ताकि किसी भी अप्रत्याशित परिस्थिति में वे व्यावहारिक और प्रभावी ढंग से कार्य कर सकें। इस अवसर पर नारायण दत्त मिश्रा (क्षेत्राधिकारी नगर/लाइन), प्रतिसार निरीक्षक रिजर्व पुलिस लाइन्स, प्रभारी यातायात सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण एवं पुलिस कर्मी उपस्थित रहे।

# सहमे छात्र पहुचे बीएसए अशफिस, शिक्षक के खिलाफ कार्रवाई की मांग

न्यूज वाणी ब्यूरो

बिजनौर। नहटौर ब्लॉक के मीमला जमालपुर कंपोजिट विद्यालय में तैनात शिक्षक सौरभ के खिलाफ शुक्रवार को छात्र–छात्राओं और अभिभावकों का गुस्सा फूट पड़ा। बड़ी संख्या में बच्चे बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) कार्यालय पहुंचे और प्रदर्शन कर कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन कर रहे बच्चों ने आरोप लगाया कि शिक्षक सौरभ अक्सर बिना वजह मारपीट करते हैं और अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं। छात्रों का कहना



था कि शिक्षक के व्यवहार से वे मानसिक रूप से परेशान हैं और डर के कारण कई बच्चे स्कूल जाने से भी कतरा रहे हैं। बच्चों का कहना था कि पढ़ाई का माहौल प्रभावित हो रहा है और शिकायत के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो सका। प्रदर्शन के दौरान छात्र–छात्राओं ने शिक्षक के खिलाफ नारेबाजी करते हुए निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग की। वहीं, अभिभावकों ने आरोप लगाया कि विद्यालय में बच्चों के साथ अनुचित व्यवहार किया जा रहा है, जिससे उनका भविष्य प्रभावित हो रहा है। मामले को लेकर शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# रेलवे स्टेशन पर चला संयुक्तचेकिंग अभियान

## – जन–जागरूकता कार्यक्रम संचालित कर किया जागरूक

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में थाना एएचटीयू व एसजेपीयू चाइल्ड हेल्पलाइन, जी.आर.पी. एवं आर.पी.एफ की संयुक्त टीम द्वारा रेलवे स्टेशन पर विशेष चेकिंग एवं




जन–जागरूकता अभियान संचालित किया गया। अभियान के दौरान यात्रियों को मानव तस्करी, बाल श्रम, बाल भिक्षावृत्ति व बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों के प्रति जागरूक किया गया। यात्रियों को पंपलेट वितरित कर उन्हें मानव तस्करी के विरुद्ध पुलिस का सहयोग करने की सलाह दी गई। रेलवे स्टेशन पर खड़ी ट्रेन में सफर कर रहे यात्रियों को बच्चा चोरी, मानव तस्करी एवं जहरखुरानी जैसे अपराधों के संबंध में सतर्क किया गया एवं बच्चों को अपने परिजनों के साथ रहने की सलाह दी गई। इस दौरान एसजेपीयू कार्यालय से निरीक्षक अखिलेश प्रताप सिंह, महिला आरक्षी स्वेतलाना मौर्य, थाना एएचटीयू से आरक्षी प्रशांत यादव, महिला आरक्षी सरला मौर्य, आरपीएफ से निरीक्षक सुरुचि द्विवेदी, एएसआई विनय कुमार जीआरपी से उ0निरी0 शेर–ए–आलम एवं चाइल्ड हेल्पलाइन से केस वर्कर निधि आदि मौजूद रहे।

# अलग-अलग जगहों से दो गांजा तस्कर गिरफ्तार

## - 4.08 किलोग्राम सूखा गांजा बरामद

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। पुलिस अधीक्षक पलाश




बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा जनपद को नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान ऑपरेशन ईगल के क्रम में थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा अलग–अलग दो स्थानों से अवैध गांजे की तस्करी करने वाले दो अभियुक्तों को गिरतार किया गया। गौरतलब हो कि 07 मई की देर रात्रि थाना कोतवाली नगर पुलिस को गश्त एवं चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर 02 अभियुक्त राधेश्याम पुत्र बाबू निवासी खजरिया नेवादा थाना बिल्हौर जनपद कानपुर नगर को 02 किलो 80 ग्राम अवैध सूखे गांजे के साथ महोबा रोड मवई बाईपास चौराहे से तथा रवि कुमार पुत्र अजयपाल निवासी नगला मांझ थाना कुरावली जनपद मैनपुरी 02 किलोग्राम अवैध सूखे गांजे के साथ छोटा बाईपास तिराहा शुकुल कुआं से गिरतार किया गया। पकड़े गए अभियुक्तों के विरुद्ध मु0अ0सं0 218/26 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना कोतवाली नगर व मु0अ0सं0– 218/26 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना कोतवाली नगर में अभियोग दर्ज किया गया है। पकड़ने वाली पुलिस टीम में आशुतोष त्रिपाठी चौकी प्रभारी सिविल लाईन उप निरीक्षक दीपक कुमार चौधरी हे0का0 अजय यादव का0 भागचन्द्र का0 नितेन्द्र कुमार का0 विष्णु गुप्ता शामिल रहे।

# 60.19 किलोग्राम मादक पदार्थ सूखा गांजा व स्मैक किया नष्ट

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। पुलिस महानिदेशक राजीव .ष्ण द्वारा एनडीपीएस एक्ट तहत अभियोगों में बरामद मादक पदार्थों के विनष्टीकरण, निस्तारण हेतु चलाए जा रहे अभियान ऑपरेशन दहन के क्रम में पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में शुक्रवार को क्षेत्राधिकारी राजवीर



सिंह गौर की उपस्थिति में जनपद के विभिन्न थानों में पंजी.त एनडीपीएस एक्ट के कुल 36 अभियोगों से सम्बन्धित कुल 60.19 किलोग्राम बरामद मादक पदार्थों जिसमें सूखा गांजा 53.9 किलोग्राम, स्मैक 40 ग्राम, नशीला पाउडर गोली 6.25 किलोग्राम को इंसीनरेटर मशीन (भस्मक भट्ठी) में जलाकर नियमानुसार नष्ट कराया गया। जिनमें थाना कोतवाली देहात के 10, तिन्दवारी के 04, चिल्ला के 01, बबेरू के 09, बिसण्डा के 05 व कमासिन के 07 एनडीपीएस एक्ट के अभियोग का माल जलाकर नष्ट कराया गया।

# माइनर से अवैध मिट्टी खनन का आरोप, कार्रवाई न होने पर आंदोलन की चेतावनी

न्यूज वाणी ब्यूरो

सेवराई, गाजीपुर। तहसील क्षेत्र के बक्सड़ा माइनर एवं मनिया माइनर से अवैध मिट्टी खनन किए जाने का मामला एक बार फिर चर्चा में है। भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के तहसील अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह ने अधिशासी अभियंता देवकली पम्प नहर खंड प्रथम को पत्र भेजकर मामले की जांच कर कठोर कार्रवाई की मांग की है। दिए गए पत्र में आरोप लगाया गया है कि तहसील सेवराई अंतर्गत मुख्य नहर से लगभग 30 से 32 किलोमीटर दूरी पर स्थित बक्सड़ा माइनर व मनिया माइनर में जेसीबी मशीन लगाकर बड़े पैमाने पर मिट्टी की कटाई की गई। पत्र के






अनुसार 25 से 28 अप्रैल तक दिन–रात मिट्टी कटान कर लगभग 1200 ट्रॉली मिट्टी बेची गई। भाकियू नेता ने आरोप लगाया कि माइनर की खुदाई होने से आसपास के किसानों के खेत नहर की गहराई से नीचे हो गए हैं, जिससे किसानों को सिंचाई में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि इस संबंध में शिकायत के बावजूद विभागीय अधिकारियों द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। बताया कि मामले की जानकारी संबंधित अधिकारियों को मोबाइल के माध्यम से दी गई थी, लेकिन इसके बाद भी कार्रवाई नहीं हुई। किसानों में इसे लेकर भारी नाराजगी व्याप्त है। भानु प्रताप सिंह ने चेतावनी दी है कि यदि आगामी 11 मई तक दोषियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई नहीं की गई तो तहसील मुख्यालय पर धरना–प्रदर्शन किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी सिंचाई विभाग के अधिकारियों की होगी।

# अग्निपीड़ितों के दर्द में साथ खड़े हुए विधायक रोमी साहनी, दी बड़ी राहत

न्यूज वाणी ब्यूरो

संवाददाता– मोहम्मद कमर

लखीमपुर खीरी। पलिया विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कैंप टांडा में आग लगने की घटना से प्रभावित परिवारों के बीच पहुंचकर विधायक रोमी साहनी ने संवेदनशीलता और जनसेवा का परिचय दिया। गांव पहुंचते ही विधायक ने अग्निपीड़ित परिवारों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना तथा उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। इस दौरान पीड़ित परिवारों ने अपनी आपबीती विधायक को सुनाई, जिससे माहौल भावुक हो गया। अग्निकांड में घर और गृहस्थी का सामान खो चुके परिवारों को राहत देते हुए विधायक रोमी साहनी ने प्रत्येक अग्निपीड़ित परिवार को प्रधानमंत्री आवास दिलाने की घोषणा की। इसके साथ ही उन्होंने सभी प्रभावित परिवारों को एक–एक सोलर लाइट उपलब्ध कराने का आश्वासन भी दिया, ताकि कठिन परिस्थितियों में उन्हें किसी प्रकार की परेशानी का



सामना न करना पड़े। मानवीय संवेदनाओं का परिचय देते हुए विधायक रोमी साहनी ने अपनी निजी निधि से पीड़ित परिवारों को 50 हजार रुपये की नगद आर्थिक सहायता भी प्रदान की। विधायक द्वारा तत्काल की गई इस मदद से पीड़ित परिवारों को बड़ी राहत मिली और ग्रामीणों ने उनका आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विधायक रोमी साहनी ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार गरीबों एवं जरूरतमंदों के लिए लगातार जनकल्याणकारी योजनाएं चला रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत मिलने वाले सरकारी आवास पूरी तरह निशुल्क हैं और इसके लिए किसी भी अधिकारी, कर्मचारी, प्रधान अथवा अन्य व्यक्ति को कोई धनराशि देने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने ग्रामीणों को सख्त संदेश देते हुए कहा कि यदि कोई व्यक्ति आवास दिलाने के नाम पर पैसे मांगता है, तो उसकी शिकायत तत्काल करें। ऐसे लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई कराई जाएगी। विधायक की संवेदनशीलता और सहायता से प्रभावित ग्रामीणों ने उनका जोरदार स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों का कहना था कि दुख की घड़ी में विधायक स्वयं गांव पहुंचकर जिस तरह पीड़ित परिवारों के साथ खड़े हुए हैं, उससे लोगों का विश्वास और अधिक मजबूत हुआ है।

# बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाकर एक अच्छा इंसान बनाएं : सैय्यद फुरकान

न्यूज वाणी ब्यूरो

खैराबाद, सीतापुर। स्थानीय दरगाह हजरत हाफिज असलम मियां में 6 मई से प्रारम्भ पांच दिवसीय उर्स के तीसरे दिन विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें प्रातः काल कुरआन ख्वानी हुई तथा सायंकाल मस्जिद में फतेहा का आयोजन हुआ तत्पश्चात लंगर खाना में हाफिज मोहम्मद हसन मियां के कुल शरीफ के अवसर पर विशेष फतेहा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सज्जादा नशीन सैय्यद गयास मियां सैय्यद मौलाना अजहर मियां चिश्ती, मुतवल्ली दरगाह सैय्यद नवेद असलम हाशमी, सैय्यद फरजान मियां, सैय्यद फरहान मियां, सैय्यद फरमान मियां,कारी फय्याज चिश्ती, कारी इस्लाम अहमद आरफी, कारी





मिसबाहुल हसन चिश्ती, सैय्यद हमीद चिश्ती हैदराबाद, चेन्नई के सज्जाद अली बावा, इमरान किरमानी आदि मौजूद थे। इससे पूर्व इसी अवसर पर मदरसा जामिया हाफिजिया से इस वर्ष तीन बच्चों ने हाफिजा पूर्ण किया था जिन्हें पगड़ी बांध कर हाफिज की उपाधि देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन मदरसा के संस्थापक कारी फय्याज चिश्ती ने किया जबकि तिलावत कारी साहब ने और नात पाक युवा शायर सलमान सीतापुरी आदि ने पेश किया। हाफिजा पूर्ण करने वाले छात्र हाफिज मोहम्मद अली, हाफिज मोहम्मद फिरोज, हाफिज मोहम्मद फरहान मुख्य हैं। जबकि सज्जादानशीन हाजी सैय्यद फुरकान वहीद हाशमी ने कहा कि उर्स में आकर कव्वाली सुनकर चले जाने से बात नहीं बनती है हमें चाहिए कि जिस आस्ताने पर आए हैं तो वहां के जिम्मेदार से उन बुजुर्गों के बारे में जानकारी हासिल करें उनकी क्या शिक्षा थी उनका क्या संदेश हुआ करता था। उसको जानें और अपनी जिन्दगी में उसी पर अमल करें। अन्त में सैय्यद फरमान मियां चिश्ती हाशमी ने दुआ करवाई।

# हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से मादा गुलदार की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

नांगल सौती, बिजनौर। बरकातपुर के जंगल में शुक्रवार को एक मादा गुलदार की मौत से वन विभाग में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों की सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू की। बताया जा रहा है कि जंगल क्षेत्र में नहर किनारे एक पेड़ पर चढ़ते समय करीब छह वर्ष की मादा गुलदार 33 हजार वोल्ट की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गई। करंट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना




की जानकारी मिलने पर आसपास के ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने मृत गुलदार के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले की जांच शुरू कर दी है। वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार प्रथम .ष्टया मौत का कारण हाईटेंशन लाइन की चपेट में आना माना जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत और चर्चा का माहौल बना हुआ है।

# उत्पीड़न के विरोध में व्यापारियों का प्रदर्शन

## - खाद्य विभाग से सुरक्षा दिलाने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जिला अभिहीत अधिकारी पर व्यापारियों के उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट राजेंद्र बहादुर को सौंपा। व्यापारियों ने मांग की कि आत्मदाह का प्रयास करने वाले व्यापारी सहित प्रदेश के व्यापारियों को खाद्य विभाग के कथित उत्पीड़न से सुरक्षा प्रदान की जाए। जिला वरिष्ठ महामंत्री हरि गोपाल शुक्ला के नेतृत्व में पहुंचे व्यापारियों ने आरोप लगाया कि व्यापारी गौरव अग्रवाल, जो विभिन्न कंपनियों के सील पैक पाम ऑयल का थोक व्यापार करते हैं, उनकी दुकान और गोदाम से अब तक 44 बार सैंपल लिए जा चुके हैं। व्यापार मंडल का कहना है कि सील पैक माल बेचने वाले व्यापारी की प्रथम .ष्टया कोई गलती नहीं है, इसके बावजूद उन पर लगातार दबाव बनाया जा रहा है। आरोप लगाया गया कि जिला अभिहीत अधिकारी द्वारा अवैध धन वसूली और मासिक बंधोरी के लिए दबाव बनाया गया, जिससे परेशान होकर व्यापारी ने अधिकारी के सामने ही पेट्रोल




डालकर आत्मदाह का प्रयास किया। प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. एके शर्मा ने कहा कि इससे पहले उसराहार कस्बे में भी इसी प्रकार की कार्रवाई को लेकर व्यापारियों में भारी आक्रोश देखने को मिला था। उन्होंने आरोप लगाया कि लगातार विरोध के बावजूद संबंधित अधिकारी पर कोई कार्रवाई नहीं की गई, जिससे उनके हौसले बढ़ गए हैं। प्रदेश उपाध्यक्ष एवं शहर अध्यक्ष ओम रतन कश्यप ने कहा कि पूरे जनपद में व्यापारियों पर दबाव बनाने की घटनाएं बढ़ रही हैं। जिला अध्यक्ष संतोष सिंह चौहान ने मांग की कि व्यापारियों को खाद्य विभाग के उत्पीड़न से सुरक्षा प्रदान की जाए। व्यापार मंडल ने ज्ञापन में यह भी मांग की कि पूर्व में उसराहार में दिए गए ज्ञापनों पर प्रशासन द्वारा की गई कार्रवाई की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाए। साथ ही खाद्य विभाग द्वारा सैंपल भरने के पुराने मानकों को अपडेट करने की मांग भी उठाई गई। जसवंतनगर अध्यक्ष सुभाष गुप्ता ने आरोप लगाया कि व्यापारी नेताओं को सरकारी कार्य में बाधा का मुकदमा दर्ज कराने की धमकी देकर डराने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने ऐसे अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन सौंपने वालों में डॉ. एके शर्मा, ओम रतन कश्यप, संतोष सिंह चौहान, हरि गोपाल शुक्ला, अजय गुप्ता, सुभाष गुप्ता, सुनीता कुशवाहा, राघव यादव, मुकेश दुबे, विनीत कुमार पांडे, शिवकुमार सिंह चौहान, सुनीत सिंह चौहान, राजीव पाल, उमेश चंद्र वर्मा, मधु तोमर, अभिषेक दीक्षित, प्रदीप कन्नौजिया, राकेश जैन, अवधेश दुबे, बृजेश पोरवाल, रवि कश्यप, अनू गुप्ता, अनिल यादव, अमित दुबे, आशीष दत्त तिवारी, कपिल पाठक, रोहित दुबे, विनोद जैन सहित बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

# हाजी जीशान खान की पुत्रवधू बनी कटरा नगर पंचायत अध्यक्ष

## - पूजा कसाना ने भाजपा प्रत्याशी को दी 401 वोटों से शिकस्त दी

न्यूज वाणी ब्यूरो

शाहजहांपुर, मीरानपुर कटरा। नगर पंचायत कटरा के अध्यक्ष पद के हुए उप चुनाव में फारवर्ड ब्लाक की पूजा कसाना ने भाजपा प्रत्याशी सोनम गुप्ता को 401 वोटों से हरा कर विजय हासिल की है। वहीं पूर्व अध्यक्ष शमीउश्शान खां समर्थित कांग्रेस प्रत्याशी वाजिद तीसरे पायदान रहीं जबकि सपा प्रत्याशी भरत पटेल को मात्र 488 वोट ही मिल सके। भारी पुलिस बल की मौजूदगी में सात मई को तिलहर ब्लॉक परिसर में सुबह आठ बजे मतगणना शुरू हुई। जिसमें प्रथम चक्र में भाजपा प्रत्याशी सोनम गुप्ता ने 250 मतों की बढ़त हासिल की जबकि द्वितीय चक्र की गणना में निर्दलीय प्रत्याशी पूजा कसाना ने सोनम को पीछे धकेलते हुए 700 वोटो की बढ़त बनाई। तृतीय चक्र की गणना में सोनम गुप्ता ने पूजा कसाना को पछाड़ते हुए 658 वोटो से लीड ली लेकिन



चौथे पांचवें था छठे चक्र अर्थात तीनों चक्रों की गणना में पूजा कसाना ने सोनम को खासी शिकस्त देकर विजय श्री प्राप्त कर ली। एसडीएम जीत सिंह राय ने अंतिम चक्र समेत कुल मतों की गणना की घोषणा करने के उपरांत पूजा कसाना को विजई घोषित करते हुए प्रमाण पत्र सौंपा और शुभकामनाएं दीं। नौ प्रत्याशियों में पूजा कसाना को सर्वाधिक मत 4375, भाजपा की सोनम गुप्ता को 3974, कांग्रेस के बाजिद को 3109, सपा के भरत पटेल को 488, सर्वेद अहमद को 234, अब्दुल समद को 252, रचना गुप्ता व रजी अहमद को 83, 83, वसी को 66 वोट मिले जबकि 123 वोट नोटा तथा 360 वोट निरस्त किए जाने की घोषणा की गई। पूजा कसाना की विजय श्री की घोषणा के बाद से पूजा कसाना के समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। मतगणना स्थल के गेट पर कटरा के समाजसेवी सगीर खां व हजारों समर्थकों ने पूजा कसाना उनके पति दानिश जीशान खान और छोटे भाई आरिश खान को फूल मालाओं से लाद दिया। कटरा पहुंचकर शान महल में समर्थकों ने विजयी प्रत्याशी पूजा कसाना व दानिश खान का जोरदार स्वागत किया। पूजा कसाना हाजी जीशान खान की पुत्रवधू है। हाजी जीशान खान 55 वर्ष पहले कटरा से नगर पंचायत अध्यक्ष रह चुके हैं। 5 दशक के बाद दोबारा पुत्रवधू के रूप में नगर पंचायत अध्यक्ष पद मिलने से शान महल में खुशियां लौट आई। बधाईयां देने के लिए लोगों का हुजूम उमड गया। इस दौरान एडीएम प्रशासन रजनीश मिश्रा, एसपी ग्रामीण दीक्षा भंवरे, सीओ ज्योति यादव, एसडीएम पुवायां सदानंद सरोज, कोतवाल जुगुल किशोर पाल, इंस्पेक्टर सिंधौली रविन्द्र सिंह, नायब तहसीलदार मनु माथुर, सौरभ त्रिपाठी समेत तमाम अधिकारी व एलआइयू टीम मौजूद रही। नगर पंचायत उपचुनाव में जहां सपा कांग्रेस समेत राष्ट्रीय पार्टियां जगह नहीं बना सकी वही अपना दल एस समर्थित ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक प्रत्याशी पूजा कसाना ने जीत का परचम लहराया है।

# ऑपरेशन कन्विक्शन में पुलिस की बड़ी सफलता

## – प्रभावी पैरवी से पांच मामलों में आरोपियों को सजा और अर्थदंड

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत पुलिस और




अभियोजन विभाग की प्रभावी पैरवी के चलते विभिन्न मामलों में न्यायालय द्वारा आरोपियों को सजा सुनाई गई। पुलिस की सशक्त पैरवी के कारण पांच अलग–अलग अभियोगों में दोषियों को कारावास एवं अर्थदंड से दंडित किया गया। थाना बकेवर के मुकदमा संख्या 361/2017 में धारा 323/506 भादवि एवं एससी–एसटी एक्ट के तहत स्पेशल जज एससी–एसटी कोर्ट ने अभियुक्त केशव तिवारी और मनी तिवारी निवासी लोलपुर बोझा को छह माह के कारावास तथा 2500 रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। थाना कोतवाली के मुकदमा संख्या 337/2016 में धारा 279/427 भादवि के तहत विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय ने अभियुक्त धूवाराम निवासी धौलपुर को न्यायालय उठने तक की सजा एवं 1300 रुपये अर्थदंड से दंडित किया। इसी क्रम में थाना कोतवाली के मुकदमा संख्या 611/2019 में जी एक्ट के मामले में अभियुक्त रमेश निवासी छैराया को न्यायालय उठने तक की सजा एवं 300 रुपये अर्थदंड सुनाया गया। वहीं मुकदमा संख्या 695/2018 में जी एक्ट के तहत अभियुक्त शैलेन्द्र सिंह निवासी लालपुर को कोर्ट उठने तक की सजा और 100 रुपये अर्थदंड से दंडित किया गया। थाना भरथना के मुकदमा संख्या 118/2019 में आर्म्स एक्ट के तहत एसीजेएम–1 न्यायालय ने अभियुक्त उपदेश निवासी आशाराम को जेल में बिताई गई अवधि के कारावास तथा 2000 रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। पुलिस द्वारा ऑपरेशन कन्विक्शन के अंतर्गत लगातार प्रभावी पैरवी कर अपराधियों को सजा दिलाई जा रही है, जिससे कानून व्यवस्था को मजबूती मिल रही है।

# ग्रामीणों के द्वार पहुंची स्वास्थ्य सेवा, शिविर में 140 मरीजों का हुआ उपचार

न्यूज वाणी ब्यूरो

लहरपुर, सीतापुर। ग्रामीण क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए मोहल्ला गन्नी टोला, खेमकरण इंटर कॉलेज के सामने 8 मई को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का भव्य आयोजन किया गया। यह शिविर पीताम्बरा शिक्षा समिति एवं केपी सिंह मेमोरियल अस्पताल द्वारा जनरल इंश्योरेंस कॉर्पोरेशन के सहयोग से आयोजित हुआ, जिसमें



ग्रामीणों ने बढ़–चढ़कर भाग लिया। शिविर में कुल 140 मरीजों का पंजीकरण कर विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा निःशुल्क परामर्श, आवश्यक जांच एवं दवाएं उपलब्ध कराई गईं। इस दौरान 40 मरीजों के रक्त नमूने लिए गए, जबकि 85 से अधिक लोगों को निःशुल्क दवाओं का वितरण किया गया। ग्रामीणों ने इस पहल को अत्यंत लाभकारी बताते हुए आयोजकों की सराहना की। कार्यक्रम का शुभारंभ समिति के मैनेजर डॉ. सुरेन्द्र प्रताप सिंह ने फीता काटकर किया। उन्होंने कहा कि ऐसे शिविर ग्रामीण क्षेत्रों के लिए जीवनदायी साबित हो रहे हैं, जहां लोगों को उनके घर के पास ही विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाएं मिल जाती हैं। उन्होंने समय पर जांच, स्वच्छता, संतुलित आहार और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने पर जोर देते हुए लोगों को जागरूक किया। शिविर में डॉ. एसए मीर जनरल मेडिसिन, डॉ. अहतीशाम खान जनरल फिजिशियन, डॉ. मधुलिका राय स्त्री एवं प्रसूति रोग, डॉ. हर्षित जैन सर्जन एवं डॉ. मुस्कान स्त्री रोग विशेषज्ञ सहित चिकित्सकों की टीम ने मरीजों की जांच कर उचित परामर्श दिया। नर्सिंग स्टाफ और स्वयं सेवकों ने पंजीकरण से लेकर दवा वितरण तक सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संभालीं। कार्यक्रम में प्रोग्राम मैनेजर अंशुमान सिंह, संयोजक ऐश्वर्य प्रताप सिंह एवं के.पी. सिंह मेमोरियल इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मेसी के डायरेक्टर डॉ. अनुप कुमार सरवैया सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। अंत में आयोजकों ने सभी आगंतुकों, चिकित्सकों, स्वयं सेवकों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

# राज्य महिला आयोग की सदस्य ने की जनसुनवाई

## - सैफई में जागरूकता चौपाल आयोजित

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग के निर्देशानुसार प्रेरणा सभागार विकास भवन में राज्य महिला आयोग की सदस्य पूनम द्विवेदी की उपस्थिति में जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं से संबंधित पांच शिकायती पत्र प्राप्त हुए, जिनके निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। जनसुनवाई के उपरांत विकास खंड सैफई की ग्राम पंचायत छिमारा में जागरूकता चौपाल का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। चौपाल के दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार ने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, वन स्टॉप सेंटर, बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ एवं सामूहिक विवाह योजना सहित विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए लोगों से अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी लक्ष्मीकांत त्रिपाठी ने दिव्यांग बच्चों के लिए संचालित योजनाओं तथा प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना की जानकारी दी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सैफई के अधीक्षक द्वारा आयुष्मान कार्ड योजना के लाभ बताए गए, जबकि विवेक कुलश्रेष्ठ ने कौशल विकास मिशन से जुड़ी योजनाओं की जानकारी प्रदान की। पुलिस विभाग की ओर से प्रभारी महिला थानाध्यक्ष ने डायल–112 सहित महिला सुरक्षा संबंधी सेवाओं की जानकारी दी। वहीं अन्य विभागों द्वारा भी सरकारी योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा गोद भराई एवं अन्नप्राशन कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसमें गर्भवती महिलाओं की गोद भराई तथा बच्चों को खीर खिलाकर अन्नप्राशन कराया गया। कार्यक्रम में डिप्टी कलेक्टर रेनू दीक्षित, क्षेत्राधिकारी जसवंतनगर आयुषी सिंह, क्षेत्राधिकारी सैफई, महिला थाना प्रभारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पांच माह से मानदेय न मिलने पर ब्लॉक मिशन प्रबंधकों में रोष

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। विकास खंड बलहा में कार्यरत उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के ब्लॉक मिशन प्रबंधकों ने लंबित मानदेय, यात्रा भत्ता (एफएलटीए) तथा विभिन्न कैडर के भुगतान को लेकर गहरी नाराजगी व्यक्त की है। इस संबंध में प्रबंधकों ने सहायक विकास अधिकारी (ग्राम विकास) को पत्र सौंपते हुए त्वरित भुगतान की मांग की है। पत्र में बताया गया है कि पिछले पांच माह का मानदेय अब तक प्राप्त नहीं हुआ है। इसमें नवंबर दिसंबर 2024 तथा फरवरी, मार्च और अप्रैल 2026 का भुगतान शामिल है। इसके साथ ही एफएलटीए पिछले 15 माह से लंबित है। वहीं, समूह सखी, आजीविका सखी और आइसीआरपीएस जैसे फील्ड स्तर पर कार्यरत कैडरों का मानदेय लगभग तीन वर्षों से अटका हुआ बताया गया है। कर्मचारियों का कहना है कि लगातार बिना भुगतान कार्य करने से वे आर्थिक, मानसिक और पारिवारिक संकट का सामना कर रहे हैं, जिससे दायित्वों का निर्वहन करना कठिन हो गया है। पत्र में मांग की गई है कि दो कार्य दिवस के भीतर सभी लंबित भुगतानों का समाधान सुनिश्चित किया जाए। ब्लॉक मिशन प्रबंधकों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र भुगतान नहीं हुआ तो वे मानदेय प्राप्त होने तक कार्य करने में असमर्थ रहेंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी विभागीय व्यवस्था की होगी। पत्र की प्रतिलिपि उपायुक्त (स्वतः रोजगार) तथा खंड विकास अधिकारी, बहराइच को भी भेजी गई है, ताकि मामले में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित हो सके।

# जिले की मिठास को योगी सरकार का संजीवनी बूस्ट

## - सोहन हलुआ व बालूशाही को मिलेगी अंतर्राष्ट्रीय पहचान

## - सोहन हलुआ के साथ बालूसाही को भी जिले के ओडीओसी में किया शामिल

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। बुंदेलखंड की ऐतिहासिक धरती अब सिर्फ अपने किलों और पत्थरों के लिए ही नहीं बल्कि अपने जायके के लिए भी वैश्विक पटल पर चमकेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दूरदर्शी एक जिला एक व्यंजनयोजना के तहत बांदा के सुप्रसिद्ध सोहन हलुआ और बालूशाही को शामिल कर सरकार ने स्थानीय कारीगरों के लिए सुनहरे भविष्य के द्वार खोल दिए हैं। योगी सरकार ने इस मुहिम को गति देने के लिए एक विशेष सेल बनाने का निर्णय लिया है। यह सेल न केवल सोहन हलुआ और बालूशाही से जुड़े उद्यमियों की समस्याओं का समाधान करेगी। बल्कि उन्हें व्यापार बढ़ाने के लिए जरूरी आर्थिक सहायता और बैंक लोन की सुविधाएं भी सुनिश्चित कराएगी। सरकार का लक्ष्य है कि छोटे स्तर पर काम कर रहे कारीगरों को उद्यमी के रूप में विकसित किया जाए। अच्छे प्रशिक्षण से निखरेगा स्वाद और हुनरबांदा के पारंपरिक हलवाइयों और कारीगरों के पारंपरिक हुनर को आधुनिक तकनीक से जोड़ने के लिए सरकार विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाएगी। इसमें व्यंजनों की पैकेजिंग, गुणवत्ता, स्वच्छता के मानक और लंबी शेल्फ–लाइफ सुनिश्चित करने के गुर सिखाए जाएंगे। जिससे बांदा की ये मिठाईयां बिना खराब हुए देश–विदेश के बाजारों तक पहुंच सके। कहा जाए तो यह योजना प्रदेश की सांस्कृतिक और जायके वाली विरासत को सहेजने का एक बेहतरीन प्रयास है। यह पहल न केवल स्थानीय व्यंजनों को वैश्विक मंच देगी बल्कि उत्तर प्रदेश के पर्यटन और यहां की अर्थव्यवस्था को भी नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी। स्वाद यूपी का




अभियान में दिखेगा बांदा का रंग प्रदेश सरकार के स्वाद यूपी का अभियान के अंतर्गत बांदा के सोहन हलुआ को एक प्रमुख ब्रांड के तौर पर पेश किया जा रहा है। बालूशाही के साथ–साथ सोहन हलुआ को ओडीओसी की सूची में जगह मिलने से स्थानीय स्तर पर रोजगार के हजारों नए अवसर सृजित होंगे। कहा जाए तो निश्चित ही सरकार के इस प्रोत्साहन से व्यंजनों की खुशबू अब सात समंदर पार तक जाएगी।

# रुपईडीहा व एसएसबी की टीम ने स्मैक के साथ तस्कर को पकड़ा

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन में अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु की जा रही कार्रवाई के क्रम में प्रभारी निरीक्षक रुपईडीहा रमेश सिंह रावत के नेतृत्व में पुलिस टीम को मिली बड़ी सफलता पुलिस व सब की संयुक्त टीम द्वारा थाना रुपया क्षेत्र में निमिया तालाब रोड से नेपाल की तरफ आने वाले रास्ते से मोटरसाइकिल पर अभियुक्त शरीफ उर्फ मुन्ना उर्फ सोनू पुत्र चेतन उर्फ चेतन निवासी उमरिय थाना नवाबगंज को काली पानी में 24 ग्राम अवैध स्मैक के साथ गिरतार किया। विधिक कार्रवाई के साथ न्यायालय रवाना किया गया।

# उमरिया ग्राम पंचायत में तालाब भराई भुगतान पर उठे सवाल

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। जनपद के महोली ब्लॉक की उमरिया ग्राम पंचायत में तालाब भराई कार्य को लेकर अनियमितता का मामला सामने आया है। आरोप है कि वर्ष 2024 से 2025 के बीच तालाब भराई के नाम पर लगभग 18,000 का भुगतान प्रधान पति रुद्र प्रताप सिंह के नाम पर निकाला गया। ग्रामीणों का कहना है कि जिस कार्य के लिए भुगतान दर्शाया गया है, वह या तो अधूरा है अथवा मौके पर कार्य दिखाई नहीं दे रहा है। मामले को लेकर गांव में चर्चा का माहौल है और लोग पूरे प्रकरण की जांच की मांग कर रहे हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पंचायत कार्यों में पारदर्शिता नहीं बरती जा रही है। तालाब भराई जैसे सार्वजनिक कार्यों में यदि अनियमितता हुई है तो इसकी निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि महोली ब्लॉक के कुछ अधिकारियों की मिलीभगत से यह कार्य कराया जा रहा है। हालांकि, इस संबंध में प्रशासनिक अधिकारियों की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि संबंधित भुगतान अभिलेखों और कार्यस्थल की जांच कराई जाए, ताकि वास्तविक स्थिति सामने आ सके और सरकारी धन के दुरुपयोग को रोका जा सके। इस मामले को लेकर भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति भी सक्रिय हो गई है। संगठन के जिला मीडिया प्रभारी ने जानकारी देते हुए बताया कि मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर जल्द ही प्रशासन को ज्ञापन सौंपा जा सकता है।




# नेपाली सीमा चौकी पर भारतीय पत्रकार से अभद्रता

## – रूपईडीहा पत्रकार संघ ने की कड़ी निंदा

न्यूज वाणी ब्यूरो

रूपईडीहा, बहराइच। भारत–नेपाल सीमा को जोड़ने वाली नेपाली सीमा चौकी जमुनहा पर समाचार संकलन के दौरान एक भारतीय पत्रकार के साथ कथित अभद्रता किए जाने का मामला सामने आया है। घटना को लेकर रूपईडीहा पत्रकार संघ में नाराजगी व्याप्त है। इसी क्रम में संघ की एक आवश्यक बैठक हेल्थ केयर सेंटर रूपईडीहा पर आयोजित की गई, जिसमें पत्रकारों ने घटना की कड़े शब्दों में निंदा की। बैठक में मौजूद पत्रकारों ने आपसी विचार–विमर्श के बाद निर्णय लिया कि रूपईडीहा पत्रकार संघ का एक प्रतिनिधिमंडल शीघ्र ही नेपाल के बांके जिले के पुलिस उच्चाधिकारियों एवं नेपालगंज स्थित पत्रकार संगठनों से मिलकर मामले की शिकायत करेगा। साथ ही घटना से संबंधित एक शिकायती पत्र भी सौंपा जाएगा। पत्रकारों ने कहा कि भारत और नेपाल के बीच वर्षों से "रोटी–बेटी" का संबंध रहा है, ऐसे में सीमा पर इस प्रकार की घटना दुर्भाग्यपूर्ण है। बैठक में यह भी आरोप लगाया गया कि सीमा पर तैनात कुछ जवानों का व्यवहार भी अमानवीय रहा, जिससे दोनों देशों के सीमावर्ती नागरिकों में रोष व्याप्त है। संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र का चौथा स्तंभ हैं और उनके साथ किसी भी प्रकार की अभद्रता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि इस मुद्दे को नेपाल के बांके जिले के वरिष्ठ पत्रकारों एवं वहां के पत्रकार संघों के समक्ष भी प्रमुखता से उठाया जाएगा।

# व्यापारियों के समर्थन में उतरीं सदर विधायक

## - सैकड़ों व्यापारियों ने पहुंचकर सौंपा ज्ञापन, उत्पीड़न पर जताया आक्रोश

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। खाद्य विभाग की कार्रवाई से परेशान तेल व्यापारी शरद अग्रवाल के समर्थन में



गुरुवार को सैकड़ों व्यापारी सदर विधायक सरिता भदौरिया के आवास पहुंचे और संयुक्त रूप से ज्ञापन सौंपकर व्यापारी उत्पीड़न का विरोध जताया। व्यापारियों ने आरोप लगाया कि विभागीय अधिकारियों द्वारा लगातार उत्पीड़न किया जा रहा है, जिससे व्यापारी वर्ग में रोष व्याप्त है। सदर विधायक सरिता भदौरिया ने व्यापारियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार व्यापारियों की सुरक्षा और सम्मान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार में किसी भी व्यापारी का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि कोई अधिकारी सरकार की छवि धूमिल करने का प्रयास करेगा तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में व्यापारियों को सुरक्षित और भयमुक्त वातावरण देने का कार्य किया गया है। किसी भी व्यापारी को अनावश्यक रूप से परेशान नहीं होने दिया जाएगा। व्यापारी नेताओं ने बताया कि खाद्य विभाग द्वारा तेल व्यापारी शरद अग्रवाल को बार–बार परेशान किए जाने से व्यापारी समाज में आक्रोश है। इसी के विरोध में विभिन्न व्यापारी संगठनों के पदाधिकारी और व्यापारी बड़ी संख्या में विधायक आवास पहुंचे। इस दौरान उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के प्रांतीय वरिष्ठ महामंत्री डॉ. एके शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष ओम रतन कश्यप, युवा जिला वरिष्ठ महामंत्री हरि गोपाल शुक्ला, जिला अध्यक्ष अजय गुप्ता, युवा शहर अध्यक्ष मुकेश दुबे, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष .ष्ण मुरारी गुप्ता, इटावा उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष अनंत प्रताप अग्रवाल, अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला वरिष्ठ महामंत्री धर्मेंद्र जैन, भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक आलोक गुप्ता, अशोक सिंह चौहान, टीटू, विनीत कुमार पांडे, रवि अग्रवाल, गुरमीत सिंह, सदाशिव श्रीवास्तव, रिंकू यादव, महिला व्यापारी नेता गुड्डी बाजपेई, महिला जिला अध्यक्ष अर्चना कुशवाहा, सुशीला राजावत, अंजू यादव, उसराहार अध्यक्ष रवि चक्रवर्ती, अनिल कौशल, जसवंतनगर से सुभाष गुप्ता, भरथना से अभिषेक दीक्षित सहित बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे।

# रेलवे का सघन चेकिंग अभियान, 208 यात्री धरे

## – सवा लाख से अधिक वसूला जुर्माना

न्यूज वाणी ब्यूरो

महोबा। रेलवे स्टेशनों में बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों और प्लेटफार्म में घूमने वाले लोगों के खिलाफ मंडल रेल प्रबंधक अनिरुद्ध कुमार के निर्देश पर रेलवे स्टेशन में वरिष्ठ मंडल



वाणिज्य प्रबंधक अमन वर्मा के नेतृत्व में चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान दौरान टीम ने यात्रियों और रेलवे स्टेशन में घूमने वाले लोगों के टिकट चेक किया साथ ही स्टेशन पर यात्रियों को मिलने वाली सुविधाओं और सुरक्षा के बावत निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। चेकिंग अभियान चलाए जाने से बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों में दहशत का माहौल बना रहा। रेलवे स्टेशन में वाणिज्य प्रबंधक ने टीम के साथ चेकिंग अभियान चलाते हुए बिना टिकट यात्रा, अवैध वेंडर, अनबुक्ड लगेज और अनारक्षित टिकट लेकर आरक्षित कोचों में यात्रा करने वाले यात्रियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करते हुए जुर्माना लगाया गया। अभियान के दौरान कुल 208 यात्री विभिन्न अनियमितताओं में पकड़े गए, जिनसे लगभग 125065 रुपये का जुर्माना वसूल किया गया। टीम ने रेलवे स्टेशन में यात्रियों की सुविधाओं के बावत निरीक्षक कर व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाए जाने के निर्देश संबन्धित अधिकारियों को दिए गए। मंडल वाणिज्य प्रबंधक ने बताया कि इस सघन कार्रवाई से न केवल रेलवे राजस्व में वृद्धि होगी बल्कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई कर उन्हें सीख दी जाएगी। इस अभियान को सफल बनाने में टिकट चेकिंग स्टाफ अब्दुल अजीज, गौरव सिंह, नन्दकिशोर, विनय श्रीवास्तव, राजेंद्र कुमार दुबे कुलदीप श्रीवास्तव आदि शामिल रहे। उन्होंने यात्रियों से अपील की करते हुए कहा कि वे सदैव वैध टिकट के साथ यात्रा करें, अनबुक्ड लगेज न ले जाएं और आरक्षित श्रेणी में केवल वैध आरक्षण के साथ ही यात्रा करें, जिससे यात्रा सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनी रहे।

# यादगार बन गई आखिरी फोटो, तालाब में नहाते युवक डूबा, तलाश जारी

## - दिसरापुर गहरे तालाब में डूबा एमपी का युवक, बहन के घर भागवत कथा में शामिल होने आया था महोबा

न्यूज वाणी ब्यूरो

महोबा। शहर से करीब पांच किमी. दूर दिसरापुर गांव में बने तालाब में नहाने गए युवक की गहरे पानी में डूब जाने से लापता हो गया। तालाब में नहाने से पूर्व उसने अपने भांजे को मोबाइल देकर फोटो खिचवाई थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की टीम के साथ पानी में डूबे युवक की तालाब में तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। टीम युवक की तलाश करने में जुटी हुई है, वहीं परिजन व ग्रामीण तालाब किनारे मायूस बैठे रहे। यूपी एमपी सरहद के जिला छतरपुर के झिझन गांव निवासी राममिलन (23) अपनी फुफेरी बहन के घर आयोजित भागवत कथा में शामिल होने सदर कोतवाली के दिसरापुर गांव आया था। राममिलन अपने भांजे सत्यम और आठ अन्य साथियों के साथ केंद्रीय विद्यालय के समीप बने तालाब में नहाने गया। तालाब में उतरने से पहले उसने अपने भांजे से अपनी एक तस्वीर भी खिंचवाई, लेकिन उसे क्या पता था खिचवाई गई यह फोटो उसकी जिंदगी की आखिरी



फोटो होगी। भांजे सत्यम के ने बताया कि सभी दोस्त एक साथ नहा रहे थे और मामा एक बार तालाब में नहाकर वापस आ गए थे और अन्य साथी किनारे पर बैठकर शैंपू और साबुन लगा रहे थे, तभी मामा ने अचानक दोबारा पानी में छलांग लगा दी। सत्यम ने उसे आवाज दी, जिस पर उसने दो मिनट में आने की बात कही और तैरते हुए आगे की ओ चले गए लेकिन इसके बाद वह पानी की सतह पर दोबारा नजर नहीं आया। कुछ देर बाद नहा रहे साथियों ने काफी तलाश की, लेकिन राममिलन का कोई सुराग नहीं लगा और धीरे धीरे घटना परिजन सहित गांव में फैल गई, जिससे घटना स्थल पर लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। घटना की सूचना मिलते ही शहर कोतवाली प्रभारी मनीष पांडे पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थानीय गोताखोरों की मदद से तलाश शुरू की गई। हालांकि, परिजनों ने बचाव कार्य में देरी का आरोप लगाया है। राममिलन के पिता गोपी प्रसाद ने बताया कि उनका बेटा पल्लेदारी का काम कर घर चलाता था। घटना को कई घंटे से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन 30 फीट गहरे पानी और बड़े दायरे के कारण युवक का अभी तक पता नहीं चल पाया है। फिलहाल, स्थानीय गोताखोर ट्यूब, जाल और अन्य संसाधनों के जरिए तलाश में जुटे हैं, जबकि किनारे पर खड़ा परिजन और ग्रामीण युवक के वापस आने की आस लगाए हुए हैं।

# टीबी के लक्षण दिखने पर तुरंत कराएं जांच, इलाज पूरी तरह नि:शुल्क

न्यूज वाणी ब्यूरो

जसवंतनगर, इटावा। 100 दिवसीय सघन टीबी खोज अभियान के अंतर्गत नगर स्थित एक इंटर कॉलेज में छात्र–छात्राओं के बीच जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को टीबी रोग के लक्षण, बचाव एवं उपचार के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ. वीरेंद्र सिंह ने की। उन्होंने कहा कि टीबी एक



संक्रामक बीमारी है, जो हवा के माध्यम से एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैलती है। यदि किसी व्यक्ति में टीबी के लक्षण दिखाई दें तो उसे तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर जांच करानी चाहिए। उन्होंने बताया कि टीबी की जांच और उपचार सरकार द्वारा पूरी तरह निशुल्क उपलब्ध कराया जाता है। जिला पीपीएम कोऑर्डिनेटर निर्मल सिंह ने बताया कि दो सप्ताह से अधिक लगातार खांसी रहना, सीने में दर्द, बलगम में खून आना, शाम के समय पसीना आना, तेजी से वजन घटना, भूख कम लगना तथा गले में गांठ होना टीबी के प्रमुख लक्षण हैं। ऐसे मरीजों की तुरंत बलगम जांच कराई जानी चाहिए। वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक वीरेंद्र सिंह यादव ने बताया कि टीबी मरीजों को उपचार के दौरान बेहतर पोषण के लिए सरकार द्वारा डीबीटी के माध्यम से प्रतिमाह एक हजार रुपये की सहायता भी प्रदान की जाती है। कार्यक्रम में विद्यालय स्टाफ सहित बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

# पॉक्सो एक्ट मामले में आरोपी को बीस साल की सजा

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत पुलिस एवं अभियोजन की प्रभावी पैरवी के चलते पॉक्सो एक्ट के गंभीर मामले में न्यायालय ने आरोपी को 20 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 56 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। थाना बसरेहर क्षेत्र से संबंधित मुकदमा संख्या 42/2023 में धारा 452, 376, 506 भादवि एवं 5एम/6 पॉक्सो एक्ट के तहत विचारण चल रहा था। मामले में एडीजे/टीआरसी (पॉक्सो एक्ट) न्यायालय ने अभियुक्त सौरभ कुमार पुत्र प्रहलाद मल्लाह निवासी बहादुरपुर थाना बसरेहर को दोषी करार देते हुए 20 वर्ष के सश्रम कारावास तथा 56 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया। पुलिस द्वारा ऑपरेशन कन्विक्शन के अंतर्गत लगातार प्रभावी पैरवी कर अपराधियों को सजा दिलाई जा रही है, जिससे पीड़ितों को न्याय मिलने के साथ कानून व्यवस्था भी मजबूत हो रही है।

# करी-छिमारा मार्ग पर तीस जून तक यातायात डायवर्जन लागू

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। कर्री–छिमारा मार्ग पर स्थित पुरानी संकीर्ण पुलिया के स्थान पर लघु सेतु निर्माण कार्य के चलते 30 जून तक यातायात डायवर्जन लागू किया गया है। यह निर्णय मार्ग के चौड़ीकरण एवं सु.ढ़ीकरण कार्य को सुरक्षित एवं सुचारु रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से लिया गया है।

अपर जिला मजिस्ट्रेट अभिनव रंजन श्रीवास्तव ने बताया कि कर्री–छिमारा मार्ग के किलोमीटर–4 पर स्थित पुरानी पुलिया के स्थान पर नए लघु सेतु का निर्माण किया जाना है। निर्माण कार्य के दौरान भारी वाहनों का आवागमन कुर्रा–चौपला मार्ग से डायवर्ट किया जाएगा, जबकि छोटे एवं हल्के वाहन अस्थाई डायवर्जन मार्ग से गुजर सकेंगे। इस संबंध में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, उप जिला मजिस्ट्रेट सदर एवं प्रभारी यातायात की रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद जिला प्रशासन द्वारा यातायात डायवर्जन की अनुमति प्रदान की गई है। प्रभारी यातायात द्वारा निर्माण स्थल एवं डायवर्जन मार्गों पर यातायात कर्मियों की तैनाती कर सुचारु यातायात व्यवस्था बनाए रखने की बात कही गई है। जिला प्रशासन ने आमजन एवं वाहन चालकों से अपील की है कि निर्धारित डायवर्जन मार्ग का पालन करें तथा यातायात व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें।

# मुठभेड़ में अंतराज्यीय ट्रैक्टर चोर गिरोह के तीन सदस्य गिरतार, दो घायल

## - पुलिस ने अभियुक्तों के पास से चार ट्रैक्टर व अवैध तमंचे व कारतूस किए बरामद

न्यूज वाणी ब्यूरो

महोबा। कस्बा चरखारी के रायनपुर मोहल्ले से 30 अप्रैल को घर के बाहर खड़े एक ट्रैक्टर को अज्ञात चोर मय ट्राली के चोरी कर ले गए थे। ट्रैक्टर स्वामी की तहरीर पर थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर वाहन चोरों की धरपकड़ के लिए जिला स्वॉट व सर्विलांश के साथ थाना चरखारी पुलिस टीम की एक टीम गठित की गई। गुरूवार की रात चेकिंग दौरान चोरी गए ट्रैक्टर सवार कुछ लोगों ने पुलिस को देखकर अवैध तमंचे से फायरिंग शुरू कर दी, जिसके जवाब में पुलिस ने अपने बचाव में फायरिंग करते हुए तीन लोगों को पकड़ा, जिसमें से दो चोरो के पैर में गोली लगने से घायल हो गए। पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह ने वाहनों की चोरी और उक्त ट्रैक्टर चोरी की घटना का संज्ञान लेते हुए अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह और पुलिस क्षेत्राधिकारी रविकांत गोंड के निकट पर्यवेक्षण में थाना चरखारी, जनपदीय स्वॉट और सर्विलांश के साथ पुलिस टीमों का गठन किया गया। गठित पुलिस टीमों ने घटना के संबन्ध में वैज्ञानिक साक्ष्यों व मुखबिर तंत्र की सूचना के आधार पर दिनांक– गुरूवार की रात पुलिस टीम थाना क्षेत्र में चेकिंग, संदिग्ध व्यक्ति, वाहन की तलाशी एवं अपराध नियंत्रण के लिए चेकिंग कर रही थी, तभी मुखबिर ने पुलिस को सूचना दी कि चोरी ट्रैक्टर को बेचने के उद्देश्य से कुछ बदमाश गुढ़ा से पनवाड़ी होते हुए मध्यप्रदेश की ओर जाने वाले हैं और उनके पास अवैध हथियार भी हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने गौरहारी व भटेवरा कलां गांव के बीच स्थित टूटी पुलिया के पास घेराबंदी कर दी। कुछ समय पश्चात संदिग्ध ट्रैक्टर मय ट्रॉली के आती दिखाई दी, जिसे पुलिस टीम ने रोकने का प्रयास किया गया। पुलिस को देखकर बदमाश ट्रैक्टर छोड़कर भागने लगे और पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से अवैध तमंचों से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम ने आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्रवाई की गई, जिसमें गजेन्द्र बघेल (33) पुत्र पानसिंह व रंजीत बघेल (21) पुत्र सुरेंद्र सिंह निवासीगण ग्राम गौसपुर थाना सरायछोला जनपद मुरैना मप्र. गोली लगने से घायल होकर पकड़े गए जबकि तीसरा अभियुक्त रविंद्र बघेल (26) निवासी निवासी सिद्धनगर कॉलोनी थाना कोतवाली मुरैना मप्र. को भी पुलिस ने पकड़ लिया। घायल अभियुक्तों को उपचार के लिए सीएचसी चरखारी भेजा गया, जहां से बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया है, चिकित्सकों ने उनकी हालत स्थिर बतायी है। पुलिस संबन्धित धाराओं में मुकदमा पंजी.त कर अग्रिम कार्रवाई की गई। पुलिस ने अभियुक्तों के पास से महिन्द्रा कंपनी का चोरी किया गया ट्रैक्टर, दो अवैध 315 बोर तमंचा, दो कारतूस, दो मोबाइल, नगदी और अभियुक्तों की निशान देही पर तीन अन्य ट्रैक्टर भी बरामद किए गए। पूछताछ में अभियुक्तों ने स्वीकार किया गया कि उन्होंने दिनांक 30 अप्रैल की रात चरखारी क्षेत्र से उक्त ट्रैक्टर को मय ट्रॉली चोरी किया था और उसे बेचने के लिए जा रहे थे। इंसेट एसपी ने पुलिस टीम की सराहना ट्रैक्टर चोरों को पकड़ने वालों में थाना चरखारी पुलिस टीम में थानाध्यक्ष चरखारी प्रवीण कुमार सिंह, उपनिरीक्षक रमेश कुमार यादव, चंद्रशेखर सिंह, मलखान सिंह, विशाल वाजपेई, हेड कांस्टेबिल श्यामकिशोर, दिनेश सिंह, राजेश सिंह, नरेंद्र बाबू, नंदलाल पटेल, संदीप कुमार, पंकज कुमार





शामिल हैं। जबकि जिला स्वॉट सर्विलांश पुलिस टीम में उपनिरीक्षक शिवप्रताप सिंह, प्रभारी, कांस्टेबिल दीपक वर्मा, रंजीत सिंह, अभिषेक वर्मा, निर्भय सिंह, सत्यम सिंह जादौन व कुलदीप यादव शामिल रहे। चोरी की घटना का खुलासा किए जाने पर पुलिस अधीक्षक ने पुलिस टीम की सराहना की है।

# ज्ञान भारतम् मिशन से संरक्षित होगी सांस्कृतिक धरोहर

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। संस्.ति विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित ज्ञान भारतम् मिशन के अंतर्गत भारत की समृद्ध ज्ञान परंपरा और बौद्धिक विरासत को संरक्षित एवं पुनर्जीवित करने की महत्वपूर्ण पहल शुरू की गई है। मिशन के तहत देशभर में उपलब्ध भारतीय ज्ञान परंपरा से जुड़ी पांडुलिपियों, दुर्लभ ग्रंथों एवं ऐतिहासिक दस्तावेजों का वैज्ञानिक संरक्षण, डिजिटलीकरण और अभिलेखीकरण किया जाएगा, ताकि यह अमूल्य धरोहर शोधार्थियों, विद्यार्थियों और आम नागरिकों के लिए सुलभ हो सके। जनपद इटावा को ज्ञान, दर्शन, साहित्य और संस्.ति की समृद्ध भूमि बताते हुए बताया गया कि यह मिशन विकसित भारत–2047 के लक्ष्य, डिजिटल इंडिया की अवधारणा तथा विरासत एवं विकास के राष्ट्रीय संकल्प से जुड़ा हुआ है। जिला पर्यटन अधिकारी मोहित मनोहर सिंह ने बताया कि मिशन के अंतर्गत सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों, मठों, मंदिरों, शैक्षणिक संस्थानों, निजी एवं सार्वजनिक पुस्तकालयों तथा व्यक्तिगत स्तर पर उपलब्ध पांडुलिपियों, हस्तलिखित ग्रंथों, ताड़पत्रों, भोजपत्रों एवं अन्य दुर्लभ दस्तावेजों की पहचान, सर्वेक्षण, सूचीकरण, संरक्षण एवं डिजिटलीकरण का कार्य किया जाएगा। उन्होंने अपील की कि जिन व्यक्तियों या संस्थानों के पास इस प्रकार की ऐतिहासिक सामग्री उपलब्ध है, वे जिला पर्यटन एवं संस्.ति परिषद कार्यालय, विकास भवन परिसर प्रथम तल कक्ष संख्या–01, इटावा में संपर्क करें अथवा मोबाइल नंबर 9450154137 पर जानकारी दे सकते हैं। डिजिटाइज्ड पांडुलिपियों को ज्ञान भारतम् पोर्टल के माध्यम से आमजन के लिए उपलब्ध कराया जाएगा।

# नए प्रवेश बढ़ाने व शिक्षा गुणवत्ता सुधारने पर जोर

## - कम नामांकन वाले विद्यालयों की होगी विशेष समीक्षा

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार



में जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित हुई, जिसमें शिक्षा विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने नव भारत साक्षरता कार्यक्रम 2025–26 की समीक्षा करते हुए बताया कि योजना का व्यय प्रतिशत 27.85 है। उन्होंने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए कि 15 वर्ष अथवा उससे अधिक आयु के अशिक्षित व्यक्तियों का व्यापक सर्वे कर चिन्हांकन किया जाए तथा संख्या बढ़ाने के लिए प्रभावी कार्ययोजना तैयार की जाए। उन्होंने कहा कि पहले निरक्षर व्यक्तियों को चिन्हित कर योजनाबद्ध ढंग से कार्य करना आवश्यक है। स्कूल चलो अभियान की समीक्षा के दौरान बताया गया कि अब तक 13,062 नए प्रवेश हुए हैं। जिलाधिकारी ने ऐसे विद्यालयों को चिन्हित करने के निर्देश दिए, जहां शून्य अथवा अत्यंत कम प्रवेश हुए हैं। जसवंतनगर क्षेत्र के लगभग 100 विद्यालयों में 10 से कम प्रवेश होने पर उन्होंने नाराजगी जताई और बेसिक शिक्षा अधिकारी को आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए। भरथना क्षेत्र के दो विद्यालयों में शून्य प्रवेश पाए जाने पर कारणों का विश्लेषण करने को कहा गया। इटावा क्षेत्र के 85 विद्यालयों में 10 से कम प्रवेश होने पर उन्होंने कहा कि बिना विश्लेषण के स्थिति में सुधार संभव नहीं है। शारदा अभियान के अंतर्गत विद्यालय से बाहर बच्चों के चिन्हांकन एवं नामांकन की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने आंगनबाड़ी, स्वास्थ्य, पंचायत और श्रम विभाग से समन्वय स्थापित कर बच्चों को विद्यालयों से जोड़ने पर जोर दिया। उन्होंने रेलवे स्टेशन और कूड़ा बीनने वाले बच्चों तक विशेष पहुंच बनाकर उन्हें शिक्षा से जोड़ने के निर्देश दिए। मध्याह्न भोजन योजना की समीक्षा में उन्होंने कहा कि भोजन की गुणवत्ता उत्तम होनी चाहिए तथा विद्यालय परिसर पूरी तरह स्वच्छ रखा जाए। इसके लिए प्रत्येक माह विद्यालयों का रैंडम निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए। बैठक में बताया गया कि सपोर्टिंग सुपरविजन के अंतर्गत एसआरजी की प्रगति 100 प्रतिशत तथा डायट मेंटर्स की प्रगति 68 प्रतिशत है। कक्षा–1 के लिए संचालित स्कूल रेडीनेस कार्यक्रम 1222 विद्यालयों में चलाया जा रहा है, जिसमें आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां एवं शिक्षक संयुक्त रूप से कार्य कर रहे हैं। कक्षा 1 से 8 तक के छात्र–छात्राओं के लर्निंग आउटकम की प्रगति 40 प्रतिशत पाए जाने पर जिलाधिकारी ने ऐसे विद्यालयों को चिन्हित करने के निर्देश दिए, जहां एक भी बच्चा निपुण नहीं है। उन्होंने संबंधित शिक्षकों की जिम्मेदारी तय करने तथा 100 प्रतिशत निपुण लक्ष्य प्राप्त करने वाले शिक्षकों को सम्मानित करने की बात कही। परिषदीय विद्यालयों के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइनों की समीक्षा में बताया गया कि 79 विद्यालयों में से 12 विद्यालयों से लाइन हटाई जा चुकी है, जबकि 67 विद्यालयों में कार्य शेष है। जिलाधिकारी ने इस कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। आरटीई के अंतर्गत लक्ष्य के सापेक्ष 124 बच्चों का प्रवेश शेष पाए जाने पर लक्ष्य शीघ्र पूरा करने को कहा गया। समग्र शिक्षा के समर्थ पोर्टल पर 2064 बच्चों का पंजीकरण होने तथा 91 नए प्रवेश होने की जानकारी दी गई। जिलाधिकारी ने अधिक से अधिक बच्चों का नामांकन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में प्राथमिकता नए प्रवेश बढ़ाने और विद्यालयों की शैक्षिक गुणवत्ता सुधारने पर होनी चाहिए। जनपद में संचालित 15 पीएम श्री विद्यालयों की स्थिति की विशेष मॉनिटरिंग कर आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक अतुल सिंह, बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. राजेश कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी लक्ष्मीकांत त्रिपाठी, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार सहित समस्त खंड शिक्षा अधिकारी एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# सिंचाई बंधु की बैठक 12 को

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। अधिशासी अभियंता इटावा प्रखंड नलकूप निगम ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद सिंचाई बंधु की चालू माह की बैठक आगामी 12 मई को पूर्वाह्न 11 बजे आयोजित की जाएगी। बैठक प्रखंड परिसर स्थित नवीन प्रशासनिक भवन के मीटिंग हॉल में संपन्न होगी। बैठक शासन द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार आयोजित की जाएगी, जिसमें जनपद के .षकों की उपस्थिति रहेगी। बैठक की अध्यक्षता शासन द्वारा मनोनीत उपाध्यक्ष अशोक दीक्षित करेंगे। बैठक में सिंचाई व्यवस्था, किसानों की समस्याओं एवं संबंधित विभागीय योजनाओं पर चर्चा किए जाने की संभावना है।

# जिले में धारा 163 के अंतर्गत निषेधाज्ञा लागू

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। वर्तमान समय में राज्य सरकार द्वारा जारी गाइड लाइन्स का अनुपालन कराते हुए बकरीद, मोहर्रम आदि आगामी त्योहारों एवं कार्यक्रमों, उ.प्र. लेखपाल मुख्य परीक्षा, बी–एड परीक्षा, टी.ई.टी. परीक्षा, आरक्षी नागरिक पुलिस, प्रवक्ता एवं अन्य आयोजित परीक्षाओं सकुशल सम्पन्न कराये जाने के मद्देनजर जनपद के समस्त सीमा क्षेत्र में विधि व्यवस्था एवं लोक परिशान्ति सहित लोक व्यवस्था व जनसुरक्षा कायम रखने के उद्देश्य से अपर जिला मजिस्ट्रेट अमित कुमार द्वारा भा.ना.सु. संहिता 2023 की धारा–163 के अन्तर्गत निषेधाज्ञा लागू कर दी गयी है। अपर जिला मजिस्ट्रेट श्री कुमार द्वारा जारी आदेश के समस्त 28 प्रस्तर 08 मई 2026 से 03 जुलाई 2026 जनपद के सम्पूर्ण सीमा क्षेत्र में निवास करने वाले तथा जनपद की सीमा में प्रवेश करने वाले समस्त व्यक्तियों पर प्रभावी रहेगा। इन आदेशों का अथवा इनके किसी भी अंश का उल्लंघन भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के अन्तर्गत दण्डनीय होगा।

# नगर पंचायत हथगाम में चला सफाई अभियान

## - ईओ ने निरीक्षण कर संबंधितों को दिए दिशा-निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिलाधिकारी के निर्देशानुसार नगर पंचायत हथगाम क्षेत्र में साफ–सफाई व्यवस्था को लेकर विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान विभिन्न वार्डों में नाली एवं नाला सफाई, पेयजल व्यवस्था, एमआरएफ सेंटर तथा वेट वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट का सघन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिशाषी अधिकारी देवहूति पाण्डेय ने सफाई व्यवस्था की जमीनी हकीकत परखी और संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। ईओ ने सफाई नायकों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि साफ–सफाई, नाली–नाला सफाई, पेयजल आपूर्ति और कूड़ा निस्तारण से जुड़े कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके साथ ही क्षेत्र में मिलने वाली जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित कार्मिकों को सक्रियता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए। कर्मचारियों को समय से कार्यालय एवं अपने कार्यक्षेत्र में उपस्थित रहने की हिदायत भी दी गई। निरीक्षण के दौरान नगर पंचायत के नगर तकनीकी मोहर्रिर मो. खुशनूर, सफाई नायक आशुतोष तिवारी एवं संतोष कुमार, कंप्यूटर ऑपरेटर आउटसोर्स राजेश कुमार, कार्यालय सहायक आउटसोर्स दीपक कुमार समेत संबंधित वार्डों के सफाई कर्मचारी मौजूद रहे।



# मांगों को लेकर पीड़ितों का तीन दिन से जारी धरना

## - पीड़ितों ने सौंपे अलग-अलग ज्ञापन, निस्तारण की मांग

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। खागा तहसील क्षेत्र के सरसाई मजरे अडार पर टेनी व दरियामऊ के रहने वाले पीड़ित अपनी–अपनी मांगों को लेकर तीन दिनों से कलेक्ट्रेट गेट पर धरना दे रहे हैं। धरने के दौरान शुक्रवार को पहुंचे अधिकारी को पीड़ितों ने अपने–अपने ज्ञापन सौंपे। जिसमें मांगों को पूरा किए जाने की आवाज उठाई।



सरसाई मजरे अडार पर निवासी पप्पू पुत्र घनश्याम ने बताया कि ग्राम टेनी समपूर्ण मार्ग पर गाटा संख्या 24 खागा संख्या 441 रकबा 0.3240 हे0 टेनी प्रथम में 1/4 का पृथ्वी पाल की भूमिधरी से बैनामा 19 अप्रैल 2023 को कराया था। जिसमें किशनपुर रोड खागा निवासी राजकुमार केशरवानी ने दबंगई के बल पर कब्जा कर रखा है। कई बार शिकायत करने के बावजूद जमीन को कब्जा मुक्त नहीं करवाया गया। जिससे वह धरना देने के लिए विवश हो गया। मांग किया कि उचित कार्रवाई कर जमीन को कब्जा मुक्त करवाया जाए। वहीं दरियामऊ के रहने वाले रावेन्द्र कुमार सोनकर पुत्र वृन्दावन सोनकर ने दिए गए ज्ञापन में बताया कि उसके पिता वृन्दावन सोनकर का गांव में कोटेदार रहे हैं। जो 13 अक्टूबर 1993 को राशन उठाने गल्ला मंडी किशनपुर गए थे तब से लापता है। पिता की दुकान को अयोध्या प्रसाद साहू को संचालन हेतु दिया गया था। वह जब बालिग हुआ तो 13 दिसंबर 2016 को डीएम को दुकान वरासतन अनुकम्पा के आधार पर दिए जाने हेतु प्रार्थना पत्र दिया लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिसका सिविल वाद योजित करके 31 मार्च 2026 को पिता वृंदावन सोनकर को मृतक घोषित कर दिया गया। वह बेरोजगार व्यक्ति है। आय का कोई साधन नहीं है। पीड़ित ने न्याय हित में जांच करवाकर दरियामऊ की उचित दर दुकान को वरासतन दिया जाने की मांग की।

# मिशन शक्तिअभियान के तहत महिलाओं को किया जागरूक

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। मिशन शक्ति फेज–5 के द्वितीय चरण के अंतर्गत थाना ऊसराहार पुलिस द्वारा क्षेत्र में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं एवं आमजन को सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों




तथा साइबर अपराधों से बचाव संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में आयोजित इस अभियान के दौरान पुलिस टीम ने महिलाओं को पुलिस आपातकालीन सेवा 112, स्वास्थ्य सेवा 102 एवं 108, वूमेन पावर लाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 तथा साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 की जानकारी दी। कार्यक्रम में साइबर सुरक्षा को लेकर भी लोगों को जागरूक किया गया। पुलिस टीम ने बताया कि किसी भी अंजान व्यक्ति के साथ ओटीपी साझा न करें और किसी संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से बचें। साथ ही ऑनलाइन लेन–देन एवं सोशल मीडिया का उपयोग करते समय सतर्कता बरतने की अपील की गई। इस दौरान उपस्थित महिलाओं को जागरूकता पंपलेट वितरित कर सुरक्षा उपायों की विस्तृत जानकारी दी गई। इटावा पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा एवं जनजागरूकता के लिए लगातार अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

# जल जीवन मिशन से बदली गांवों की तस्वीर, महिलाओं को मिली राहत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जनपद में संचालित जल जीवन मिशन योजनाओं का प्रभाव अब गांवों में साफ दिखाई देने लगा है। शुक्रवार को मिशन के प्रभाव मूल्यांकन के दूसरे दिन प्रो. राजेन्द्र सिंह रज्जू भैया विश्वविद्यालय प्रयागराज की विशेषज्ञ टीम ने अमौली, हथगांव और ऐराया ब्लॉक के कई गांवों में पहुंचकर योजनाओं की जमीनी हकीकत परखी। टीम ने अमौली ब्लॉक के उदुपुर, हथगांव के अजतूपुर तथा ऐराया ब्लॉक के सराय इदरीस व लाडलेपुर गांवों में घर–घर जाकर ग्रामीणों से बातचीत की। प्राथमिक विद्यालयों और पंचायत भवनों में भी पेयजल व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों ने बताया कि पहले पानी के लिए दूर–दराज लगे हैंडपंपों पर निर्भर रहना पड़ता था, लेकिन अब घरों तक नल से शुद्ध पेयजल पहुंचने से काफी राहत मिली है। महिलाओं का समय और श्रम दोनों बच रहा है। विशेषज्ञ टीम ने यह भी पाया कि स्वच्छ पेयजल उपलब्ध होने से हैजा, टाइफाइड जैसी जलजनित बीमारियों में कमी आई है। विशेषज्ञों ने गांवों में बनी पानी की टंकियों, पाइपलाइन नेटवर्क और जल गुणवत्ता की तकनीकी जांच भी की। डॉ. अशोक मौर्या के नेतृत्व में टीम ने ग्राम जल एवं स्वच्छता समितियों तथा ग्राम प्रधानों के साथ बैठक कर योजनाओं के रखरखाव और दीर्घकालिक संचालन पर चर्चा की। मूल्यांकन टीम में डॉ. अशोक मौर्या, मुकेश कुमार कन्नौजिया, अभिजात सिंह, अभिजीत तिवारी और सौरभ सिंह शामिल रहे। इस दौरान जिला समन्वयक राजमुनि यादव, सहायक अभियंता आशीष कुशवाहा, अवर अभियंता उज्ज्वल कुमार, माबरजा, मोहित कुमार, आईएसए कोऑर्डिनेटर शिवबहादुर सिंह चंदेल, प्रोजेक्ट मैनेजर मो. सऊद सिद्दीकी समेत ग्राम प्रधान और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।



# लाल-नीली बत्ती के बाद अब ब्लैक फिल्म में सपा नेता की थार सीज

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष मोहम्मद आजम खान की थार एक बार फिर पुलिस कार्रवाई के चलते कोतवाली पहुंच गई। इस बार पुलिस ने वाहन में ब्लैक फिल्म लगी होने पर कार्रवाई करते हुए उसे सीज कर दिया। मामले को लेकर शहर में राजनीतिक और सामाजिक चर्चाएं तेज हो गई हैं। बताते चलें कि कुछ दिन पहले सपा के वरिष्ठ नेता



व पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी के जनपद दौरे के दौरान मोहम्मद आजम खान की थार भी उनके काफिले में शामिल थी। उसी दौरान वाहन में लाल–नीली बत्ती और हूटर लगे होने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए वाहन को सीज कर दिया था। बाद में कानूनी प्रक्रिया पूरी होने पर वाहन को छोड़ा गया, लेकिन थाने से निकलते समय थार का एक और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वायरल वीडियो में वाहन के शीशों पर ब्लैक फिल्म लगी दिखाई दी। मामले का संज्ञान लेते हुए कोतवाली पुलिस ने दोबारा कार्रवाई करते हुए थार को फिर से सीज कर दिया। पुलिस की इस कार्रवाई के बाद सपा नेता को अब वाहन छुड़ाने के लिए एक बार फिर न्यायालय की शरण लेनी पड़ सकती है। वहीं शहर में लगातार दूसरी बार हुई कार्रवाई चर्चा का विषय बनी हुई है।

# आलू, केला व हरी मिर्च अब विदेशों तक पहुंचाने की तैयारी

## - एपीडा की कार्यशाला में निर्यात बढ़ाने पर मंथन

## - किसानों व एफपीओ को दी योजनाओं की जानकारी

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जनपद के कृषि उत्पादों को अंतर्राष्ट्रीय बाजार तक पहुंचाने की दिशा में शुक्रवार को .षि भवन सभागार में अहम पहल की गई। एपीडा, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय भारत सरकार की ओर से आयोजित क्षमता निर्माण कार्यक्रम में .षि निर्यात की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ ज्येष्ठ .षि विपणन निरीक्षक विनोद कुमार ने किया। उन्होंने उपस्थित एफपीओ, एफपीसी, निर्यातकों, कृषकों और अन्य हितधारकों का स्वागत करते हुए कहा कि फतेहपुर के .षि उत्पादों को विदेशों तक पहुंचाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। एपीडा के वाराणसी क्षेत्रीय कार्यालय से आए एसोसिएट शुभम राय ने एपीडा की भूमिका, पंजीकरण प्रक्रिया, बायर–सेलर मीट, राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेलों तथा गुणवत्ता प्रमाणन संबंधी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश .षि निर्यात नीति–2019 के तहत भिटौरा ब्लॉक में केला, अमौली में हरी मिर्च तथा भिटौरा और बहुआ में आलू क्लस्टर विकसित किए गए हैं। इन उत्पादों को निर्यात से जोड़ने पर विशेष जोर दिया गया। विनोद कुमार ने बताया कि जिले में अब तक तीन .षि निर्यात क्लस्टरों का गठन हो चुका है और उनके अनुमोदन के लिए प्रस्ताव निदेशालय लखनऊ भेजा जा चुका है। उन्होंने .षि निर्यात परिवहन अनुदान, क्लस्टर प्रोत्साहन राशि, नई प्रसंस्करण इकाइयों को सहायता, गुणवत्ता परीक्षण एवं प्रमाणन पर मिलने वाली प्रतिपूर्ति योजनाओं की भी जानकारी दी। कार्यक्रम में किसानों और एफपीओ प्रतिनिधियों को योजनाओं से संबंधित प्रचार सामग्री वितरित की गई। साथ ही बताया गया कि आलू, केला और हरी मिर्च के निर्यात के लिए निर्यातकों से एमओयू कराने के प्रयास भी तेज किए जा रहे हैं, जिससे किसानों की आय में वृद्धि हो सके। इस मौके पर .षि विपणन निरीक्षक मनीष प्रताप सिंह, उदित नारायण सिंह, हिमांशु तिवारी, जिला सलाहकार एफपीओ कुंवर सेन गंगवार सहित बड़ी संख्या में .षक, निर्यातक एवं हितधारक मौजूद रहे।



# ट्रक की चपेट में आकर महिला की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। हमीरपुर जनपद के ग्राम डुडेरा को समीप सड़क पार कर रही 42 वर्षीय महिला को ट्रक की चपेट में आ जाने से मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार जहानाबाद के जनपद के कंजरन डेरा मजरे नोनारा गांव निवासी स्व0 शिव सिंह पत्नी रामदुलारी शादी ब्याह में बर्तन धोने का काम करती थी। बताते हैं कि वह पुत्र अजय कुमार के साथ हमीरपुर जनपद के गांव डुडेरा जा रही थी। तभी तेज रतार ट्रक ने बिजली के पोल में टक्कर मार दिया। जिससे तार टूटकर महिला के गले में जा फंसा और चालक ट्रक लेकर काफी दूर तक घसीटता ले गया। जिससे महिला की मौके ही पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। घटना के बाद चालक मौके पर ट्रक छोड़कर भाग जाने में सफल रहा।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री पुष्पा देवी पुत्री देशराज निवासी ग्राम– मुलकू का पुरवा मजरे भदसरी पोस्ट किशुनदासपुर विकासखंड भिटौरा जिला फतेहपुर स्थित घर पर दिनांक 08.05.2006 को हुआ था। जानकारी के अभाव में जन्म प्रमाण पत्र नहीं बनवाया गया था। अब मुझे जन्म प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। जिसे ग्राम पंचायत भदसरी विकासखंड भिटौरा जिला फतेहपुर की तरफ से निर्गत किया जाना अति आवश्यक है। यदि किसी को कोई समस्या हो तो वह आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है! देशराज पुत्र भोला निवासी ग्राम. मुलकू का पुरवा मजरे भदसरी विकासखंड भिटौरा सदर तहसील फतेहपुर उत्तर प्रदेश।

# ओवरलोडिंग बंद न हुई तो भाजपाई करेंगे आंदोलन

## - ओवरलोडिंग के खिलाफ पिछड़ा वर्ग आयोग की राष्ट्रीय अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। नगर पंचायत असोथर में आयोजित भव्य स्वागत समारोह कार्यक्रम के दौरान पिछड़ा वर्ग आयोग की राष्ट्रीय अध्यक्ष साध्वी निरंजन ज्योति के समक्ष भाजपा असोथर मंडल की टीम ने ओवरलोड एवं ओवर स्पीड वाहनों का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। मंच संचालन मंडल महामंत्री साहिल शर्मा ने किया। जिन्होंने मंच से ही क्षेत्र की जनता की पीड़ा को विस्तारपूर्वक रखते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष को असोथर क्षेत्र की वास्तविक स्थिति से अवगत कराया। मंडल अध्यक्ष राम महेश निषाद के नेतृत्व में मंडल महामंत्री साहिल शर्मा, मंडल उपाध्यक्ष विनोद भारती, लखन निषाद, शिवम अवस्थी, सेक्टर अध्यक्ष माखन निषाद, सभासद मोनू ठाकुर, आशीष अग्रहरि, सेक्टर अध्यक्ष देव शरण सिंह, राकेश गुप्ता सहित बड़ी संख्या में उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रवासियों ने एक स्वर में कहा कि बांदा जनपद के मर्का क्षेत्र से निकलने वाले ओवरलोड मोरम वाहनों ने असोथर क्षेत्र की सड़कों को पूरी तरह बर्बाद कर दिया है। मंडल टीम ने बताया कि यह कोई नई समस्या नहीं है, बल्कि लंबे समय से लगातार प्रशासन को इस विषय में अवगत कराया जा रहा है। इससे पूर्व भी तत्कालीन जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर ओवरलोड वाहनों पर रोक लगाए जाने की मांग की गई थी। इसके बाद वर्तमान जिलाधिकारी को भी दो बार अलग–अलग ज्ञापन सौंपे गए, लेकिन लगातार शिकायतों और जनआक्रोश के बावजूद अब तक कोई संतोषजनक एवं स्थायी कार्यवाही नहीं हो सकी है। कहा कि असोथर से थरियांव मार्ग की हालत अत्यंत दयनीय हो चुकी है। सड़क पर जगह–जगह बड़े–बड़े गड्ढे हो गए हैं, जिसके कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। भारी वाहनों की कंपन से सड़कें टूट चुकी हैं तथा राहगीरों और दोपहिया वाहन चालकों का निकलना तक मुश्किल हो गया है। बरसात के समय यह स्थिति और भी भयावह हो जाती है, जब गड्ढों में पानी भर जाने से दुर्घटना का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। साहिल शर्मा ने राष्ट्रीय अध्यक्ष साध्वी निरंजन ज्योति को मौखिक रूप से पूरी समस्या बताते हुए कहा कि क्षेत्र की जनता अब केवल आश्वासन नहीं बल्कि स्थायी समाधान चाहती है। भाजपा मंडल टीम ने शिकायती पत्र सौंपते हुए प्रशासन के प्रति गहरी नाराजगी व्यक्त की और मांग की कि ओवरलोड एवं ओवर स्पीड वाहनों पर तत्काल प्रभाव से कठोर कार्रवाई करते हुए पूर्ण रूप से रोक लगाई जाए। मंडल अध्यक्ष राम महेश निषाद ने कहा कि यदि प्रशासन जल्द प्रभावी कदम नहीं उठाता है तो क्षेत्र की जनता के हित में आगे व्यापक आंदोलन करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।




न्यूज़ वाणी
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
राज्य सरकार व केंद्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु सूचीबद्ध
समाचार पत्र में विज्ञापन के लिए संपर्क करें
सूचना, मार्कशीट, सम्बन्ध विच्छेदन, खोया पाया, कोर्ट नोटिस, टेन्डर आदि
09451548620, 9451180488

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक न्यूज वाणी में समाचार व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
11 वर्षों से आपकी सेवा में तत्पर
फतेहपुर की मशहूर व पुरानी दुकान
जाफ़री चश्में वाले
थोक व फुटकर चश्में
39, नवीन मार्केट, पुराना R.T.O. आफिस
करुणा जीवन ज्योति नर्सिंग होम के सामने
(निकट पत्थर कटा चौराहा), फतेहपुर (उ.प्र.)
कानपुर के मशहूर डॉक्टर द्वारा आपरेशन की सुविधा।
नोट- डाक्टर का पर्चा लाने पर मात्र आधे घण्टे में चश्मा व 10 प्रतिशत की छूट सहित प्राप्त करें।
कान की मशीन मात्र 450/- में
कान्टेक्ट लेंस मात्र 350/- में
सम्पर्क सूत्र : 05180-228339, 9451548620
प्रो. नफीस अहमद जाफ़री
संपादक-राष्ट्रीय हिंदी दैनिक न्यूज वाणी

# जनसुनवाई में डीएम ने सुनीं 66 फरियादें

## - अफसरों को दिए त्वरित निस्तारण के निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। कलेक्ट्रेट परिसर में शुक्रवार को आयोजित जनसुनवाई में जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने आमजन की समस्याएं सुनीं



और संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने भूमि विवाद, राजस्व, आवास, पेयजल, पेंशन तथा अन्य विभागों से जुड़ी शिकायतें जिलाधिकारी के समक्ष रखीं। डीएम ने अधिकारियों से कहा कि जनसुनवाई में आने वाले प्रत्येक प्रार्थनापत्र का तय समयसीमा के भीतर नियमानुसार निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि फरियादियों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही मिलने पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। शुक्रवार को आयोजित जनसुनवाई में कुल 66 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें कई मामलों का मौके पर ही निस्तारण कराया गया, जबकि अन्य शिकायतों को संबंधित विभागों को कार्रवाई के लिए भेजा गया।

# पुस्तकालय का प्रचार-प्रसार कराकर पाठकों की बढ़ाएं संख्या : डीएम

## - वेबसाइट बनाकर पुस्तकों को किया जाए ऑनलाइन



न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। जिला पुस्तकालय समिति की बैठक कलेक्ट्रेट महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। उन्होंने पुस्तकालयों में तैनात कर्मचारियों के कार्य और पुस्तकालय में की जाने वाली गतिविधियों, व्यवस्थाओं के बारे में विस्तार से जानकारी ली और संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप पुस्तकालय का उद्देश्य है कि पुस्तकालय से अधिकाधिक जन सामान्य को जोड़कर स्क्रीन से पुस्तक की अग्रसर करना है। डीएम ने पुस्तकालय प्रभारी से कहा कि शिक्षक संस्थानों, स्वयंसेवी संगठनों आदि से समन्वय कर पुस्तकालयों में पाठकों की संख्या बढ़ाए। जनपद में प्रतियोगी परीक्षाओं में होने वाले सफल अभ्यर्थियों की कार्यशाला प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले अभ्यर्थियों के मध्य कराए। पुस्तकालय का विभिन्न माध्यमों से प्रचार प्रसार कराए ताकि पुस्तकालय में होने वाली गतिविधियों के बारे में जागरूक होकर अधिक से अधिक लोग जुड़ सके। उन्होंने कहा कि पुस्तकालय में उपलब्ध पुस्तकों को एक वेबसाइट बनाया हुए ऑनलाइन करे, ताकि इच्छुक लोग पुस्तकों की उपलब्धता देख सके और उनकी रुचि बढ़े सके। पुस्तकालय में निष्प्रयोज्य सामग्री का नियमानुसार कार्यवाही पूरी कर निस्तारण कराया जाय। समिति के सदस्यों द्वारा आवश्यक व्यवस्थाओं की मांग रखी गई जिस पर नियमानुसार कार्यवाही कर सुविधाएं मुहैया कराने के निर्देश दिए, साथ समिति के बहुमूल्य सुझाओं को अमल में लाया जाय। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक, डीसी मनरेगा, प्रभारी पुस्तकालय सहित समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# मानव बंधुत्व की मिसाल बना विश्व रेडक्रॉस दिवस

## - रक्तदान के साथ मरीजों और बच्चों की बांटी खुशियां

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी की ओर से



रेडक्रॉस भवन में रक्तदान शिविर एवं सेवा कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस वर्ष की थीम मानव बंधुत्व को केंद्र में रखकर आयोजित कार्यक्रम का नेतृत्व कार्यकारी चेयरमैन एवं कार्यकारिणी सदस्य इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी उत्तर प्रदेश डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने फीता काटकर शिविर का शुभारंभ किया। डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने जिलाधिकारी का पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। इसके बाद भारत माता एवं रेडक्रॉस के संस्थापक सर जॉन हेनरी ड्यूनेंट की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। विशिष्ट अतिथि प्राचार्य मेडिकल कॉलेज डॉ. राजेश मौर्य, उप प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार एवं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजेश कुमार को भी स्मृति चिन्ह एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। विष्व थैलेसीमिया दिवस के अवसर पर थैलेसीमिया पीड़ित बालक .ष्णा के साथ जिलाधिकारी ने केक काटा और उसे उपहार भेंट किए। रक्तदान शिविर में डॉ. निशात शहाबुद्दीन, .ष्ण कुमार सिंह, शहनूर आलम, नीरज श्रीवास्तव, ज्योत्सना श्रीवास्तव, चैतन्य कुमार, मुजाहिद खान, दीपक कुमार, सचिन कुमार गुप्ता, विनोद कुमार, जगदीश मौर्य एडवोकेट और मुहम्मद बिलाल सहित कई लोगों ने रक्तदान किया। सभी रक्तदाताओं को जिलाधिकारी एवं डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने गोद लिए गए 21 क्षय रोगियों को पोषण सामग्री भी वितरित की। इससे पूर्व सुबह डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने जिला अस्पताल के महिला वार्ड में भर्ती मरीजों को फल और बिस्कुट वितरित किए। वहीं प्राथमिक विद्यालय महाजरी कांशीराम कॉलोनी में बच्चों को कॉपी, पेंसिल, रबर, कटर सहित खाद्य सामग्री वितरित की गई। इस अवसर पर डॉ. रजिया सुल्ताना, रीता सिंह तोमर, साधना चौरसिया, अजीत सिंह, उमेश श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव, राजा सिंह, सुरेश चंद्र श्रीवास्तव, अभिनव श्रीवास्तव, गोरेलाल, भक्तदास, पुनीतवीर विक्रम, वेदप्रकाश गुप्ता, राशिद हुसैन सिद्दीकी, प्रशांत चतुर्वेदी, सुरेश कुमार श्रीवास्तव, हिमांशु श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में आजीवन सदस्य एवं रेडक्रॉस पदाधिकारी मौजूद रहे।

# गर्मी के मौसम में भी सर्दी जैसा हो रहा एहसास

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। मई माह में जहां आमतौर पर तेज धूप और भीषण गर्मी लोगों को परेशान करती है, वहीं इन दिनों मौसम का मिजाज पूरी तरह बदला हुआ नजर आ रहा है। सुबह और शाम चल रही ठंडी हवाओं तथा बीच–बीच में बादलों की आवाजाही से लोगों को सर्दी जैसा एहसास हो रहा है।

पिछले कुछ दिनों से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है, जिससे गर्मी का असर काफी कम हो गया है। सुबह के समय हल्की ठंडक महसूस हो रही है और कई लोग पंखे तक बंद रखने को मजबूर हैं। मौसम के इस बदलाव से लोगों को गर्मी से राहत जरूर मिली है, लेकिन अचानक बदलते मौसम के कारण सर्दी–जुकाम और वायरल बुखार जैसी समस्याएं भी बढ़ने लगी हैं। किसानों का कहना है कि मौसम का यह बदलाव फसलों के लिए मिला–जुला असर लेकर आया है। वहीं शहर के लोगों ने भी गर्मी से राहत मिलने पर खुशी जताई। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ और हवाओं के रुख में बदलाव के कारण तापमान सामान्य से कम बना हुआ है। आने वाले कुछ दिनों तक मौसम इसी तरह बना रहने की संभावना जताई जा रही है।

# पति को पीट मांग रही तलाक, बच्चों को लेकर फुर्र

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। पति–पत्नी के विवाद का एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। जहां पत्नी द्वारा पति की पिटाई कर तलाक मांगने और तलाक न मिलने पर तीन मासूम बच्चों को लेकर घर से फरार होने का वीडियो और सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हालांकि समाचार पत्र वारयल वीडीओ की पुष्टी नहीं करता है। पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है। बता दें कि जिले के थाना कोतवाली क्षेत्र स्थित कबाड़ी मार्केट का एक मामला सामने आया है। जहां पीड़ित पति ने पत्नी पर आरोप लगाते हुए कहा कि उसका निकाह आठ साल पूर्व सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के सेटी गांव की रहने वाले अफसाना कुरैशी से हुआ था और शादी के एक साल बाद तक सब कुछ अच्छा चलता रहा लेकिन शादी के एक साल बाद आपस में विवाद शुरू हो गया और पत्नी अपने मायके चली गई और तीन महीने बाद महिला थाने पहुंची और पुलिस के सामने समझौते के बाद अपने पति के साथ रहने लगी लेकिन कुछ दिनों बाद दोनों के बीच विवाद चलता रहा और इतना ही नहीं पत्नी आए दिन उससे मारपीट कर तलाक की मांग करती थी। जब उसने तलाक देने से इंकार कर दिया तो महिला घर छोड़कर फरार हो गई और अपने साथ तीनों मासूम बच्चों को साथ ले गई। पीड़ित का यह भी आरोप है कि महिला घर में रखे करीब पांच हजार रुपये नकद और चांदी के जेवरात भी अपने साथ ले गई है। वहीं घर से निकलते समय महिला बच्चों को लेकर जाती हुई सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसका फुटेज अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। दो महीने पहले भी पति की पिटाई कर महिला तलाक मांग रही थी जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। दूसरी ओर पीड़ित ने अपने ससुरालीजनों पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। पीड़ित पति सज्जाक ने थाना कोतवाली में तहरीर देते हुए न्याय की गुहार लगाई है। वहीं पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है और वायरल वीडियो व सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आगे की कार्रवाई की बात कह रही है।

# विश्व थैलीसीमिया दिवस पर शिविर में 26 ने किया रक्तदान

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। विश्व थैलेसीमिया दिवस पर सक्षम प्राणदा प्रकोष्ठ, सक्षम की जिला इकाई एवं सर्व फार ह्यूमैनिटी फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में मानस रक्त केंद्र में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डीएवी किड्स केयर स्कूल की प्रिंसिपल गीतांजलि सिंह एवं राष्ट्रपति अवॉर्डी व प्राथमिक स्कूल अस्ती की प्रिंसिपल आसिया फारुकी द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। शिविर में उपस्थित युवाओं एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। उ.ष्ट काउंसलिंग एवं जागरूकता के परिणामस्वरूप सक्षम के चरैवेति आयाम के प्रांत प्रमुख धीरेन्द्र गुप्त, गीतांजलि सिंह व अन्य प्रथम बार रक्तदान करने वाले युवाओं ने भी बढ़–चढ़कर सहभागिता की। प्रथम बार रक्तदान करने वाले प्रतिभागियों ने कहा कि रक्तदान करने के बाद उन्हें आत्मिक संतोष की अनुभूति हुई तथा भविष्य में भी नियमित रूप से रक्तदान करने का संकल्प लिया। षिविर में 26 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। रक्तदान करने वालो में मो0 बशीर, शिव बहादुर, योगेश कुमार, मनीष कुमार, पुष्पेंद्र सिंह, सक्षम के जिला सचिव सीताराम सिंह चौहान, युवा आयाम प्रमुख नवीन सिंह चौहान, रोजगार आयाम प्रमुख राजेश कुमार, प्राथमिक शिक्षक प्रवेश अवस्थी, सचिन प्रभाकर, मोहम्मद आलम, गीतांजलि सिंह, हितेंद्र सिंह, जितेंद्र शुक्ला, धीरेंद्र गुप्ता, शोएब हुसैन, मोहम्मद अली, अनुज कुमार, तुषार श्रीवास्तव, मुकेश भारती, गोलू, दीपराज गुप्ता, अरविंद, योगेंद्र, विजय सिंह, रोहित सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं युवाओं ने रक्तदान कर अपनी सहभागिता सुनिश्चित की। शिविर में उपस्थित सभी रक्तदाताओं का माल्यार्पण एवं प्रमाण पत्र देकर उत्साहवर्धन किया गया। वक्ताओं ने कहा कि थैलेसीमिया




जैसी गंभीर बीमारी से पीड़ित बच्चों एवं मरीजों को नियमित रूप से रक्त की आवश्यकता होती है। ऐसे में समाज के प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति का यह नैतिक दायित्व है कि वह समय–समय पर रक्तदान कर जरूरतमंदों की सहायता करे। रक्तदान न केवल किसी का जीवन बचाता है, बल्कि यह समाज में सेवा, संवेदना और मानवता की भावना को भी सशक्त बनाता है। अंत में पियूष द्विवेदी, गुरमीत सिंह बग्गा, सीताराम सिंह चौहान ने चिकित्सकीय टीम डॉक्टर कैलाश पटेल, अमन यादव, अनामिका, अनुस, अंजलि, विष्णु व सहयोगी संस्थाओं एवं उपस्थित गणमान्य नागरिकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि रक्तदान महादान है और यह किसी भी जरूरतमंद के लिए जीवनदान साबित हो सकता है।

# पीएम राष्ट्रीय शिक्षुता मेला ग्यारह को

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य ने बताया कि संस्थान में 11 मई को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय शिक्षुता मेला का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें जिले व प्रदेश की प्रतिष्ठित कम्पनियां प्रतिभाग करेंगी। मेले में आईटीआई/कौशल विकास प्रमाण पत्र धारक/डिप्लोमा/हाईस्कूल उत्तीर्ण छात्र–छात्राएं प्रतिभाग कर रोजगार प्राप्त कर सकते है। मेला प्रातः 10.30 बजे से दोपहर दो बजे तक आयोजित होगा। छात्र–छात्रायें अपने शैक्षिक प्रमाण पत्र अपने साथ अवश्य लायें। मेले में बारह बजे तक पंजीकरण अवश्य करा लें। मेला पूर्णतः निःशूल्क है।

# प्रशिक्षण के लिए करें आवेदन

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य ने बताया कि संस्थान में एसएसडीएफ योजना के अंतर्गत अल्पकालीन प्रशिक्षण (एसटीटी प्रशिक्षण) के कोर्स इलेक्ट्रिक व्हीकल सर्विस असिसटेन्ट हेतु निदेशालय से बैच बनाने हेतु निर्देशित किया है। उक्त कोर्स में निःशुल्क प्रवेश हेतु इच्छुक महिला, पुरुष एवं दिव्यागजन अभ्यर्थी संस्थान कार्यालय में नीतीश कुमार मो० 8929488483 से 09 एवं 10 मई को सम्पर्क कर आवेदन कर सकते हैं। उक्त कोर्स हेतु इंटरमीडिएट उत्तीर्ण एवं 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके अभ्यर्थी आवेदन कर सकते है।

# दरवेशाबाद में बारह को लगेगा कैंप

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया बिंदकी विधायक जय कुमार सिंह जैकी द्वारा दूरभाष के जरिए दिये गये निर्देश के क्रम में विधान सभा बिन्दकी के ग्राम पंचायत दरवेशाबाद विकास खण्ड मलवां में 12 मई को ग्रामीणों की समस्याओं के निदान एवं कल्याणकारी योजनाओं से संतृप्त किये जाने हेतु कैम्प लगाकर आवश्यक अभिलेखों आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड बनवाने तथा कल्याणकारी योजनाओं के आवेदन कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। इसलिए 12 मई को ग्राम पंचायत दरवेशाबाद में आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड प्रमाण पत्र बनवाये जाने हेतु व जनकल्याणकारी योजनाओं के आवेदन कराये जाने हेतु कैम्प आयोजित कराने के साथ–साथ सम्बन्धित क्षेत्रीय कर्मचारियों को अपने स्तर से निर्देशित करें।

# अज्ञात शव की नहीं हुई शिनाख्त

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। हुसैनगंज थाना क्षेत्र के ग्राम बेरागढीवा में चार मई को अज्ञात वाहन की चपेट में आ जाने से 65 वर्षीय अज्ञात वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसे उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां इलाज दौरान उसकी मौत हो गयी। वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम भेज मृतक की पहचान कराने का प्रयास शुरू कर दिया। 72 घन्टे बाद जब शव की शिनाख्त नहीं हो पायी तो शुक्रवार को मृतक का पोस्ट मार्टम करा पुलिस ने उसका अंतिम संस्कार कर दिया।

# प्रेमिका की गला घोंटकर हत्या, खुद थाने पहुंचकर किया सरेंडर

## - बहादुरपुर गांव स्थित घर में मिला महिला का शव

## - प्रेम प्रसंग व विवाद बना हत्या की वजह

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। गाजीपुर थाना क्षेत्र में प्रेम प्रसंग के चलते एक युवक द्वारा महिला की गला



घोंटकर हत्या किए जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। हत्या के बाद आरोपी युवक खुद ललौली थाना पहुंच गया और पुलिस को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही पुलिस सक्रिय हुई और बहादुरपुर गांव स्थित आरोपी के घर से महिला का शव बरामद किया गया। जानकारी के अनुसार थाना ललौली पहुंचे युवक विजय कुमार रैदास ने पुलिस को बताया कि उसने अपनी प्रेमिका की गला दबाकर हत्या कर दी है। उसने बताया कि महिला का शव उसके बहादुरपुर गांव स्थित घर में रखा हुआ है, जो थाना गाजीपुर क्षेत्र में पड़ता है। सूचना मिलते ही ललौली थाना पुलिस ने गाजीपुर पुलिस को अवगत कराया। इसके बाद गाजीपुर पुलिस टीम मौके पर पहुंची, जहां घर के अंदर महिला का शव बरामद हुआ। मृतका की पहचान राखी उर्फ लालती देवी के रूप में हुई। बताया जा रहा है कि महिला पूर्व में विवाहित थी और काफी समय से अपने पति से अलग रह रही थी। इसी दौरान उसका प्रेम संबंध विजय कुमार रैदास के साथ चल रहा था। पुलिस पूछताछ में आरोपी युवक ने बताया कि महिला के किसी अन्य व्यक्ति से भी संबंध होने की आशंका को लेकर दोनों के बीच विवाद होता था। साथ ही महिला द्वारा उसके खिलाफ पुलिस में शिकायत कर जेल भेजने की धमकी भी दी जाती थी। इसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी बढ़ गई और गुस्से में आकर उसने महिला की गला घोंटकर हत्या कर दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका के परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपी युवक फिलहाल थाना गाजीपुर पुलिस की हिरासत में है और उससे पूछताछ की जा रही है। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने बताया कि युवक विजय कुमार रैदास स्वयं थाना ललौली पहुंचा था और उसने महिला की हत्या किए जाने की सूचना दी। सूचना पर तत्काल थाना गाजीपुर पुलिस मौके पर पहुंची, जहां महिला का शव बरामद हुआ। प्रथम .ष्टया मामला प्रेम प्रसंग और आपसी विवाद से जुड़ा प्रतीत हो रहा है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। परिजनों की तहरीर पर मुकदमा पंजी.त कर आरोपी को हिरासत में लेकर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# ट्रैक्टर की टक्कर से आधा दर्जन सवार घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। किशनुपर थाना क्षेत्र के ग्राम गुदौरा में शुक्रवार की सुबह ट्रैक्टर की टक्कर से ई–रिक्शा में सवार लगभग आधा दर्जन सवारी घायल हो गयी। गंभीर रूप से घायल महिला व वृद्ध को उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जबकि अन्य घायलों का सीएचसी में इलाज कर घर वापस भेज दिया गया।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार की सुबह लगभग गुदौरा गांव के समीप ट्रैक्टर ने ई–रिक्शा में ठक्कर मार दिया। जिससे ई–रिक्शा में बैठे माता बदन का 68 वर्षीय पुत्र अमृत लाल निवासी नरौली थाना हुसैनगंज व किशनपुर थाने के जगतपुर गांव निवासी कमलेश कुमार की 45 वर्षीय पत्नी विमला देवी सहित आधा दर्जन सवारी घायल गयी। गंभीर रूप से घायल दोनो घायलों उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया।

# फांसी लगाकर किशोर ने जान

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। धाता थाना क्षेत्र के ग्राम सरवनपुर निनौरा में मानसिक रूप से विक्षिप्त किशोर ने घर के अन्दर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार सरवनपुर निनौरा गांव निवासी मारूफ बेग की पुत्र औन बेग जो कई सालों से मानसिक रूप से विक्षिप्त था। बताते हैं कि गुरूवार की देरशाम उसने घर के अन्दर फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सूचना पाकर मौके में पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। घटना के बाबत जानकारी पोस्टमार्टम हाउस में दादा फिरोज ने दी।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। खखरेरू थाना क्षेत्र के ग्राम डोडियापुर में संदिग्ध परिस्थितियों 18 वर्षीय युवक ने जहरीला पदार्थ खा लिया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार डोडियापुर गांव निवासी यशवन्त लाल का पुत्र राजकरन शराब पीने का आदी था। बताते है कि गुरूवार की शाम उसकी अचानक तबियत बिगड़ गयी। जिस पर उसे उपचार के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। मृतक का भाई नन्दलाल ने बताया कि उसका भाई शराब पीने का आदी था और कल शाम उसने शराब के साथ जहर पी लिया। जिससे उसकी मौत हो गयी।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )